
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 51

**सुविचार**

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं कि उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।

# प्रभात मंत्र

बुधवार
21.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



# लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है केंद्र सरकार : मंत्री मिथिलेश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा मंगलवार को गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह पंचायत से न्याय मार्च की शुरुआत की गई। इस न्याय मार्च में झामुमो ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाला। जिले के सभी पंचायतों में न्याय मार्च का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने इमाम मौलाना खुर्शीद एवं मंदिर के पुजारी हर्ष चौबे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि केंद्र में जब से भाजपा की सरकार बनी है, लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने जनहित का कोई कार्य नहीं किया। बल्कि सिर्फ जाति एवं धर्म के नाम पर पूरे देश में लोगों को बांट कर रख दिया है। साथ ही केंद्र सरकार ने एक और काम किया है कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार नहीं बनी, जिस राज्य की जनता ने भाजपा को ठुकरा दिया। वहां केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर सरकार को प्रताड़ित करने एवं विकास कार्य को करने का काम किया है। मंत्री ने कहा कि न्याय यात्रा का मकसद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जनहित के किए गए कार्य एवं केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा विकास को बाधित करने के लिए रचे जा रहे षड्यंत्र को जन-जन तक पहुंचना है। ताकि जनता समय आने पर नापाक मंसूबे वालों को मुंहतोड़ जवाब दे सके। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अपने घर परिवार को भूलकर दिन-रात राज्य के विकास में लगे रहते थे। उन्होंने पद एवं प्रोटोकॉल की परवाह किए बगैर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के पास जाकर राज्य के 8 लाख गरीबों को आवास का पैसा देने की गुहार लगाई। फिर भी केंद्र ने एक पैसा नहीं दिया। तब राज्य सरकार ने अपने पैसे से राज्य के 20 लाख गरीबों को आवास देने का ऐलान किया और आज कार्य प्रगति पर है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता का काम करना, उन्हें हक, अधिकार दिलाना यदि अपराध है तो इस लोकतंत्र का मालिक भगवान ही हैं। केंद्र सरकार आज जिस तरह से केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर राज्य के विकास को बाधित कर रही है, जनता उसे कभी माफ नहीं करेगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार अभिव्यक्ति की आजादी छीनना चाहती है। आने वाले समय में स्थिति ऐसी होगी कि आम जनता अपने मन से घर से बाहर तक नहीं निकल सकती। जनता का मतदान का अधिकार भी छीना जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी है। तब से केंद्र तरह-तरह के हथकंडा अपना रही है। पहले तो राज्यपाल के पास लिफाफा आया। उसके बाद झारखंड की राजनीति में उथल-पुथल मच गई। लेकिन आज तक वह लिफाफा कहां है पता नहीं चला। मंत्री ने कहा कि झारखंड का विकास केंद्र सरकार को रास नहीं आया। तब तरह-तरह के हथकंडे अपना कर उन्होंने हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, वीरेंद्र यादव, सुमेर चौधरी, मदनी खान आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुखिया शरीफ अंसारी ने किया मौके पर मुख्य रूप से फैजुल अंसारी, अमित सिंह, अफजल अंसारी, भगवान राम, सफीक अंसारी, चंदा देवी, सोनी देवी, अराधना सिंह, शिवनाथ चौधरी, चंचल रवि, शंभू राम, सकीना बीवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी की ओर से सोमवार को शहर के उत्सव गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी ने एक-दुसरे को अबीर लगा कर पर्व की बधाई दी। समारोह में गीत-संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह में गीत-संगीत की धुन पर आए हुए लोग जमकर आनंद लिया। इस मौके पर कलाकारों ने बेहतरीन कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर उन्होंने सभी का मनमोह लिया। प्रस्तुति को देखकर उपस्थित पुरुषों, महिलाओं व बच्चो ने जम कर आनंद लिया। आए हुए अतिथि ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्योहार है। लोग इसे होली मिलन समारोह के रूप में मना कर भाईचारे का बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था का कार्य काफी सराहनीय है। अब तक कई लड़कियों का निशुल्क शादी कराया है। समय-समय पर सामाजिक कार्य भी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते है। समारोह में शामिल महिलाओं और पुरुषों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि इस बैनर के तले अब तक हजारों गरीब असहाय लड़कियों की शादी कराई गई है। वहीं भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा से संबंधित कई जागरूकता कार्यक्रम भी झारखंड बिहार सहित अन्य प्रदेशों में चल रहा है।

# जलडेगा पंचायत भवन सभागार में वृद्धा पेंशन हेतु शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के पंचायत भवन जलडेगा सभागार में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना हेतु पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। मुखिया बालमुनी लुगुन ने जानकारी देते हुए उपस्थित ग्रामीणों को कहा कि आज राज्य सरकार की पहल से जो पूर्व में 60 वर्ष होने पर वृद्धा पेंशन का लाभ मिलता है अब इसे 50 वर्ष कर दिया गया है। जिसका उम्र पूर्ण हुआ है उसे इस शिविर में फॉर्म और आवश्यक दस्तावेज के साथ जमा करने के लिए कहा गया। इस प्रकार कुल 24 आवेदन जमा लिया गया। मौके पर मुखिया बालमुनी लुगुन, उपमुखिया अगस्ती लुगुन, ललिता कन्डुलना, प्रीतम समद के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

# हुसैनाबादः बाइक चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। वही चोर गिरोह का मास्टरमाइंड समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही चोरी की आठ बाइक बरामद की गई है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की बीते 18 फरवरी को नबीनगर थाना क्षेत्र निवासी गोविंद सिंह ने हुसैनाबाद थाना में बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी, बाइक चोरी की मामले को लेकर हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह के नृतव्व में एक टीम गठित कर बाइक चोरों के खिलाफ अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान चोरी हुई बाइक के साथ सबसे पहले हुसैनाबाद नहर मोड़ निवासी वी रोहित कुमार ऊर्फ लड्डू को दबोचा गया पुलिस द्वारा पूछ ताक्ष में रोहित कुमार के निशानदेही पर चोरी की सात बाइक बरामद की गई, साथ ही संगत मोहल्ला निवासी रामजी दास ऊर्फ गोलू, मोकबरा रोड निवासी अमन कुमार ऊर्फ बटेर, ग्राम टेटा थाना हुसैनाबाद निवासी आदित्य वर्धन सिंह ऊर्फ सुडू , हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव निवासी पवन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया की पूर्व भी रोहित कुमार ऊर्फ लड्डू बाइक चोरी के आरोप में जेल जा चुका है, इस छापेमारी अभियान में एएसआई बीर बहादुर सिंह, बीरेंद्र खाका, हवलदार राजमोहन राम, आरक्षी अमीत कुमार तिवारी, अमन कुमार चौधरी, लवकुश कुमार पासवान, रविकांत कुमार, चौकीदार सैयद मोहम्मद, अमित कुमार शमिल थे।

# जंगली हाथी ने बाउंड्री तोड़ा फसलों को किया नुकसान



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मारांगलोइयां ग्राम में सोमवार की मध्य रात्रि हाथियों के झुंड से बिछडे एक हाथी ने मरांग लोइयां ग्राम पहुंचकर सरहुल गंझु पिता भवानी गंझू का बाउंड्री को तोड़ दिया एवं उसके अंदर लगे सरसों, गोभी समेत कई फसलों को बर्बाद कर दिया। सरहुल गंझु ने बालूमाथ वन विभाग को आवेदन देकर उचित मुआबजे की मांग की है। वही सरहुल गंझु ने बताया कि लगभग तीस हजार का फसल एवं बाउंड्री का नुकसान हुआ है। ज्ञात हो की एक दिन पूर्व भी जंगली हाथी के झुंड ने इसी गांव के तीन घर को ध्वस्त कर दिया था ।जंगली हाथीयो के उत्पात से ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली हाथियों के झुंड को खदेड़ने की मांग की है।

# पूर्वी मंडल क्षेत्रिय गोंड आदिवासी महासभा का होगा आयोजन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत सेतासोया शुभ ग्राम में गोंड समाज क्षेत्रिय सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य रूप अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री झारखंड सरकार निर्देशक सह हिंदुस्तान प्रेट्रिलयम कॉपारेशन लिमिटेड भारत सरकार के उपक्रम श्रीमती बिमला प्रधान उपस्थित थी। मुख्य अतिथि का स्वागत के सेतासोया शुभ ग्राम के गोंड समाज द्वारा आथितियों का विधि पूर्वक ढोल नगाड़े के साथ परंमपरिक तरिका से स्वागत करते हुए आयोजन स्थल तक आऐ। मुख्य अतिथि द्वारा स्वर प्रथम गोंड समाज ईस्ट बड़ा देव का देव दर्शन किए गया और उसके बाद आथिति द्वारा गोंड समाज के छः कुली देव दर्शन किया गया। उसके बाद आथिति को आयोजन स्थल मंच तक स्वागत करते हुए इसटेज तक लया गया उसके बाद आथिति द्वारा गोंड समाज के राज्य वासी लोगों में बड़ा देव का दीप प्रज्वलित कर कार्य कर्म का शुभारंभ किया गया। जिसमें श्रीमती बिमला प्रधान उपस्थित लोगों को कहा कि स्वर प्रथम आदिवासी मूलवासियों इस झारखंड का का मुल निवाशी है काकरती है। इस गोंड समाज में बरकरार रखने के लिए एकता और एकजुट होकर गोंडो कि हक अधिकार के लिए हमेशा आगे आना चाहिए खासकर गोड़ समाज के युवा युवतियों को अपने समाज कुल देव गोत्र हमेशा पहनकर अपने का का पहना कर करना अनिवार्य है क्योंकि अपने समाज का ना पहचान होने के समाज में कमजोरी और एकजुट नहीं मिला रहीं खा कर शिक्षा के साथ अपने धर्म जाति संस्कृति को भी पहचान करना है बिमला प्रधान । विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्रीमान निर्मल कुमार बेसरा ने सामाजिक संस्थाओं के बारे में बिस्तर पूर्वक जानकारी दी। क्योंकि पूर्व विधायक ने कहा कि गोड जन जानजति पूरे झारखंड प्रदेश नहीं बल्कि पूरे राज्य में निवास करते हैं इसलिए समाज को आगे के लिए और युवा को हमेशा आगे आना होगा ,पूर्व विधायक श्रीमान निर्मल कुमार बेसरा आयोजन में बैठक में कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी निवासी हैं इस लिए अपने पूरखो की संस्कृति को परंमपरिक को आपना है । समिल श्रद्धानंद बेसरा, बिरसा मांझी ,राजबल मांझी, बुद्धदेव प्रधान,राजु कछुआ, दिनेश मांझी, आसाराम मांझी, रमेश मांझी बन्धु मांझी मेघन मांझी मेघनाथ मांझी अन्य गोंड समाज के लोग उपस्थित थे।

# 30 श्रद्धालुओं का जत्था तीर्थ धामों के लिए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** महुआडांड़ के स्थानीय दुर्गा बाड़ी से मंगलवार सुबह 11 बजे 30 श्रद्धालुओं का जत्था तीर्थ धामों के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे को हिंदू युवा वाहिनी के प्रमुख सदस्य मुकेश जायसवाल, शुभम गुप्ता के द्वारा भगवा झंडी देकर रवाना किया। रवानगी से पहले श्रद्धालुओं ने दुर्गा मंदिर एवं हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किया यह तीर्थ यात्रा देव, पाटन देवी, हरिहरनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, सीतामढ़ी, जनकपुर, चैंगनवा धाम, विंध्याचल, बनारस अयोध्या सहित नेपाल के धार्मिक स्थल भी घूमेंगे तीर्थ यात्रा जाने वाले लालती देवी, सीताराम प्रसाद, हीरा प्रसाद, शीला देवी आदित्य प्रसाद, प्रमिला देवी, राजेश्वरी देवी गंगेश्वरी देवी, दशरथ प्रसाद, निर्मला देवी लालदेव प्रसाद, उमा देवी, कृष्ण प्रसाद, निर्मला देवी, मीना देवी, अनीता देवी, ममता देवी, शकुंतला देवी, शारदा देवी, बिगन प्रसाद, रूबी देवी, अंजली कुमारी, राजेश्वर प्रसाद, देवंती देवी, रूकमणि देवी, भोला सोनी सम्मिलित है मौके में रोहित सोनी, रंजीत गुप्ता, मोहित सोनी, कन्हैया लाल, गुड्डू गुप्ता मौजूद थे।

# वार्षिकोत्सव समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** ग्रेट लाइफ पब्लिक स्कूल हैदरनगर का अठारहवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि श्री अजीत कुमार सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विधायक सह पूर्व मंत्री श्री कमलेश कुमार सिंह की उन बातों को दोहराया जब 2022 में विधायक ने कहा कि शिक्षा में संस्कारों का समावेश होना जरूरी है। संस्कारयुक्त शिक्षा के जरिए प्रगति का मार्ग आसानी से प्रशस्त हो सकता है। अपने बच्चों को आल राउंडर नही बल्कि विशेष बनाइए। मंचासिन अतिथि प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, संजय सिंह, विमलेश सिंह, रविरंजन सिंह ने अपनी स्नेहा आशीर्वादने तकनीकी शिक्षा पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए तकनीकी शिक्षा को रोजगार परक बताया, ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी विलक्षण प्रतिभा जो मंच पर देखा, उन्होंने बच्चों के प्रस्तुति को अद्भुत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर शशि रंजन मिश्र ने की। मंच संचालन रानी पाण्डेय ने किया। शिक्षिका राजिया खानम, नुजहत परवीन, नाजिया परवीन,सुश्री कोमल द्वारा सज्जित एवं निर्देशित कर नर्सरी व केजी के नन्हे-मुन्नों विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य, संगीत,के साथ देश भक्ति, संदेश की प्रस्तुति की, स्लो सांग के जरिए लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। शास्त्रीय नृत्य पर बच्चों के प्रस्तुति को सभी ने सराहा, नन्हे बच्चों ने जीवन में परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जागरूक करने का भी कार्य किया। जिस पर मौजूद जनसमूह ने तालियां बजाकर स्वागत किया। सभी छात्रों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। मौके पर प्रख्यात तबला वादक नाटककार संगीत प्रवीण श्री रूपेश रंजन मिश्र द्वारा सगीत वाद्य यंत्रों के साथ मंच को शोभायमान किया। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने वाले बच्चे मिस्सू, परी, पीहू, आयरा, मायरा साल्वी राधिका कशिश दिव्यांश रोहन रौनक अंशु सपना आदि ने कार्यक्रम को मोहक बनाया। इस क्रम में शिक्षा प्रेमियों का बच्चो के प्रति प्रेम भाव भी दिखा। उन्होंने बच्चो से बातचीत की उनके कला संस्कृति, तकनीकी शिक्षा के बारे में बात करते नजर आए। उक्त मौके पर एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष संजय बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, गणितविद् ब्रज बिहारी पाण्डेय गुरु, दिलीप पांडे, बिरेंद्र सिंह, विनय पासवान, स्कूल प्रबंधन, छात्र छात्राओं, अभिभावक के साथ बिभिन्न संस्थान के शिक्षाविद, समाजसेवी, नेता आदि मौजूद थे।

# हेमंत के गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने धरना के साथ रखा एकदिवसीय उपवास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** ईडी के द्वारा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किये जाने के विरोध में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के झामुमो कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ हनुमान मंदिर के समीप एक दिवसीय उपवास रख धरना दिया. धरना से पूर्व झामुमो नेताओं ने राम मनोहर लोहिया के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर उपस्थित नेता नही झुकेगा झारखंड, हेमंत सोरेन को रिहा करो, जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा, केंद्र सरकार हाय हाय, ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग बंद करो के नारे लिखे तख्ती लिए हुये थे. उपवास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि एक साजिश के तहत केंद्र के इशारे पर ईडी ने राज्य के मुख्यमंत्री को गलत तरीके से गिरफ्तार करने का काम किया है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा किये गये साजिश का खुलासा जल्द होगा और हेमंत सोरेन जेल से बाहर होंगे. झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा की जिस जमीन को लेकर हेमंत सोरेन को ईडी की टीम ने जेल भेजने का काम किया है, उक्त जमीन का किसी प्रकार का कागजात ईडी ने नही दिखा पाया. भाजपा के लोगो को डर था कि लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पायेंगे. इसके लिए साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजवाने का काम किया, लेकिन पूरे राज्य में उनका मंसूबा सफल नहीं होगा. जनता मुंह तोड़ जबाब देगी. मौके पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, केंद्रीय कमिटी सदस्य सुर्यदेव मेहता, झामुमो नेत्री किरण देवी, निर्मल पासवान, कामता प्रसाद, मुकेश सिन्हा,रमेश चंद्रवंशी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, अमर नाथ पांडेय, मनोज पासवान, परमबीर राम, राजेंद्र सिंह, दीपक बर्मा,चंदन पांडेय,राजा सिंह, कृष्णा राम, ललू राम, मुन्ना खान, सुरेंद्र गुप्ता, अजय प्रसाद मुखिया सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का पीएम ने किया वर्चुअल उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय होता था। पलामू में दूसरा जवाहर नवोदय विद्यालय पिछले कार्यकाल के दौरान खुलवा कर उसमे पठन पाठन कार्य शुरू कराया। उक्त बातें हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय 2 का उद्घाटन वर्चुअल करने पर उनका आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय जपला का भवन निर्माण दस वर्षो तक आधार में लटका रहा। इस कार्यकाल में दिलचस्पी लेकर लंगरकोर्ट में भूमि उपलब्ध करा कर भवन निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर कर निर्माण कार्य को गति देने का काम किया। श्री सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को एक अच्छा स्कूल मिलना काफी खुशी और गर्व की बात है। उससे भी बड़ी गर्व की बात यह है की वर्चुअल ही सही इसका उद्घाटन जन जन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से किया गया। विधायक ने कहा कि उनके चुनाव हारने के बाद किसी जनप्रतिनिधि ने एक बार भी भवन निर्माण की दिशा में प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का भवन निर्माण के साथ साथ लंगारकोट पहाड़ी को पर्यटक स्थल घोषित कराने का भी काम किया गया है। विद्यालय के साथ साथ आस पास के क्षेत्र में लोग घूमने फिरने आयेंगे। इससे उस क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कई उत्कृष्ट कार्य किए हैं। जिससे जनता वाकिफ है। आने वाले दिनों में शिक्षा के क्षेत्र में और हैभी विकास होगा। जिसमे सरकार के डिग्री कालेज के नवनिर्मित भवन में पढ़ाई शुरू कराने में वह जुटे हैं। इसके शुरू हो जाने से क्षेत्र के विद्यार्थी काफी कम खर्च कर उच्च शिक्षा पा सकेंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय 2 जपला हुसैनाबाद पलामू की स्थापना वर्ष 2009 में झारखंड राज्य के पलामू जिले की ग्रामीण जनसंख्या को गुणवत्तापूर्ण निशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करने के लिए की गई थी। विद्यालय की शुरुआत पलामू जिले के स्थाई परिसर में 40 विद्यार्थियों के साथ हुई। राज्य सरकार से भूमि प्राप्त होने के बाद वर्तमान अस्थाई परिसर का निर्माण कार्य शुरू किया गया। वर्तमान परिसर में 36 प्रतिशत छात्राओं सहित 198 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं 27.62 एकड़ में फैले नवनिर्मित वर्तमान परिसर में 14 कक्षाओं के साथ शैक्षणिक ब्लॉक, स्मार्ट क्लास रूम, केमिस्ट्री लैब, फिजिक्स लैब, बायोलॉजी लैब, कंप्यूटर लैब, 560 छात्र क्षमता का डाइनिंग हॉल लड़कों के लिए छात्रावास लड़कियों के लिए छात्रावास, खेल का मैदान, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, और स्टाफ क्वार्टर उपलब्ध है, अब तक जेएनवी ने पलामू जिले के कई प्रतिभाशाली छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा किया है जो अब कई महत्वपूर्ण भूमिकाओ में देश की सेवा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से माननीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार श्री धर्मेंद्र प्रधान जी के कुशल मार्गदर्शन से जेएनवी में निरंतर सुधार किया जा रहा है जेएनवी जपला हुसैनाबाद पलामू का यह नवनिर्मित परिसर न केवल लाभार्थियों की संख्या को दोगुना करेगा अपितु नई शिक्षा नीति 2023 की परिकल्पना के अनुसार विद्यार्थियों की समग्र विकास में विशेष भूमिका प्रदान करेगा एवं ये सभी विद्यार्थी भविष्य में विकसित भारत के निर्माण में प्रबल योगदान देंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू हमारे प्रिय शिक्षा मंत्री भारत सरकार श्री धर्मेंद्र प्रधान जी एवं हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हैं।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 11, अंक 51

# प्रभात मंत्र

बुधवार

21.02.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ समन की अवहेलना को लेकर एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई।इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। पीएमएलए की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ समन की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया है।ईडी के समक्ष 20 जनवरी को 8वां समन एवं 31 जनवरी को 10वां समन में हेमंत उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समन मामले में ईडी ने दिल्ली में सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था।

### राष्ट्रपति मुर्मू 28 फरवरी को आएंगी रांची, सीयूजे के तीसरे दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 फरवरी को रांची आएंगी। वे झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति के रांची आगमन की जानकारी राज्य सरकार को दे दी गयी है। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू का यह तीसरा रांची दौरा होगा। इससे पूर्व वे वर्ष 2022 में रांची और बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गयी थीं। इसके बाद वर्ष 2023 में झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन के उद्घाटन तथा ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में भाग लेने आयी थीं। राष्ट्रपति के विश्वविद्यालय कैंपस पहुंचने के लिए दो विकल्प तैयार किये जा रहे हैं। इनमें एक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सड़क मार्ग (रिंग रोड) होते हुए चेरी-मनातू तक तथा दूसरा चेरी-मनातू में ही हेलिपैड का निर्माण कर सेना के हेलीकॉप्टर से सीधे उतारने पर विचार किया जा रहा है। राष्ट्रपति विश्वविद्यालय परिसर में दिन के 12 बजे से एक बजे तक शिरकत करेंगी तथा विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करेंगी।

### स्वामी प्रसाद मौर्य ने छोड़ी समाजवादी पार्टी, एमएलसी पद से भी दिया इस्तीफा

**लखनऊ :** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य कि समाजवादी पार्टी के साथ रिश्तों का अंत हो गया है. महासचिव पद छोड़ने के बाद अब स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है. साथ ही उन्होंने एमएलसी पद से भी त्यागपत्र दे दिया है. अखिलेश यादव को लिखे पत्र में स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी को जमकर कोसा है.अखिलेश यादव को भेजे अपने त्याग पत्र में स्वामी प्रसाद मौर्य ने लिखा, आपके नेतृत्व में सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ. लेकिन 12 फरवरी को हुई वार्ता और 13 फरवरी को प्रेषित पत्र पर किसी भी प्रकार की वार्ता की पहल न करने के फलस्वरूप मैं पार्टी की सदस्ता से भी इस्तीफा देता हूं.卐 दरअसल, स्वामी प्रसाद मौर्य ने 13 फरवरी को राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दिया था. लेकिन अखिलेश यादव की तरफ से इस इस्तीफे को लेकर कोई बातचीत की पहल नहीं की गई. इसलिए उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्ता से भी इस्तीफा दे दिया है,

### रास चुनाव : राजस्थान से सोनिया गांधी, मदन राठौड़ और चुन्नीलाल गरासिया हुए निर्विरोध निर्वाचित

**जयपुर.** राजस्थान से राज्यसभा चुनाव में सोनिया गांधी समेत तीनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं. इन तीन सदस्यों में कांग्रेस की सोनिया गांधी और बीजेपी के मदन राठौड़ तथा चुन्नीलाल गरासिया निर्वाचित घोषित किए गए. राजस्थान के कोटे की 10 में से सीटों में से 3 सीटों के लिए चुनाव हुए हैं. इन तीन सीटों में से बीजेपी ने दो ही सीट के लिए अपने प्रत्याशी मदन राठौड़ और चुन्नीलाल गरासिया को चुनाव मैदान में उतारा था. वहीं एक सीट के लिए कांग्रेस ने अपनी पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को चुनाव मैदान में खड़ा था. 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा में चौथा कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं था.

### तीन फर्जी जीएसटी अधिकारी गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी से तीन फर्जी जीएसटी अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। एनजेपी थाने की पुलिस ने मंगलवार को इन्हें फूलबाड़ी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम पार्थ घोष, रूपेश तिर्की और शुभोजीत घोष है। तीनों बागडोरा के रहने वाले है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्यूनतम | 12⁰ |

#### चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला, कहा

# आम आदमी पार्टी के कुलदीप होंगे मेयर

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा : मेयर चुनाव में अमान्य किए गए 8 बैलेट पेपर मान्य माने जाएंगे**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय बेंच ने आदेश दिया कि मेयर चुनाव में अमान्य किए गए 8 बैलेट पेपर मान्य माने जाएंगे। जिसके बाद आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया गया।

पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को 12 वोट मिले थे। आठ मतों को गलत तरीके से अमान्य करार दे दिया गया। बाद में ये आठ वोट याचिकाकर्ता के पक्ष में पाए गए। इस तरह आठ मतों को जोड़ देने पर याचिकाकर्ता के 20 वोट हो जाते हैं।

लिहाजा, आप पार्षद और याचिकाकर्ता कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर पद पर निर्वाचित घोषित किया जाता है। पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित करने का फैसला अमान्य है।

बेंच ने कहा कि पीठासीन अधिकारी ने पहले तो महापौर चुनाव की प्रक्रिया में गैरकानूनी तरीके से तब्दीली की। इसके बाद उन्होंने 19 फरवरी को इस अदालत के समक्ष झूठ कहा। इससे पहले अदालत ने 30 जनवरी को हुए मतदान के बैलेट पेपर की जांच की। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप उम्मीदवार के पक्ष में डाले गए आठ वोटों पर अतिरिक्त निशान थे।

कोर्ट ने कहा कि निशान लगे बैलेट पेपर गिने जाएंगे जिसके बाद विजेता का नाम घोषित होगा। चंडीगढ़ के मेयर बने कुलदीप कुमार ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं. यह चंडीगढ़ के लोगों और भारत गठबंधन की जीत है।



#### लोकतंत्र को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया : अरविंद केजरीवाल



सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आम आदमी पार्टी में जश्न शुरू हो गया। आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए एक्स पर लिखा, इस कठिन समय पर लोकतंत्र को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया।

#### बैलेट पेपर से छेड़छाड़ का लगा था आरोप

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी के मनोज सोनकर ने 16 वोटों से जीत हासिल की थी. उन्होंने आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को शिकस्त दी थी, जिनको 12 वोट मिले थे. जब रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने गठबंधन सहयोगियों के आठ वोटों को अवैध घोषित कर दिया, तब मामले में विवाद खड़ा हो गया. जिसके बाद बैलेट पेपर में छेड़छाड़ का आरोप लगाया जाने लगा और मामला कोर्ट तक पहुंच गया।

#### अबुआ आवास योजना के स्वीकृत पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सीएम

# रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराना प्राथमिकता : चम्पाई सोरेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीहः** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गिरिडीह की धरती पर अबुआ आवास योजना का लाभ जरूरतमंद परिवारों को देने पहुंची है। तीन जिला बोकारो, धनबाद और गिरिडीह के 35 हजार से ज्यादा आवासविहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल रहा है। यह झारखंड वासियों के लिए विडंबना है कि यहां का कोयला देश को रोशन कर रहा है। लेकिन इन जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में लोग आज भी कच्चे मकान अथवा झुग्गी-झोपड़ी में रहने के लिए मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बीच जाकर उनकी स्थिति और रहन-सहन को समझने का प्रयास किया है।मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गिरिडीह स्टेडियम में आयोजित अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अगले तीन महीना में 9 लाख जरूरतमंद आवासविहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने की घोषणा की।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बेबी देवी, विधायक विनोद सिंह, विधायक सुदिव्य कुमार, विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

#### शिक्षा का अलख जगाने का हुआ कार्य

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर बेहतर कार्य किए गए हैं। हमारी सरकार ने झारखंड के सरकारी स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक वृद्धि की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारे बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए पैसा बाधा नहीं बनेगी, यहां के बच्चे इंजीनियरिंग, मेडिकल, डिप्लोमा इत्यादि की डिग्री हासिल करें इस निमित्त गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना संचालित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गरीब, किसान, मजदूरों के घर पर शिक्षा का दीप जलाने का कार्य कर रही है। हम शिक्षा का ऐसा दीप जलाने का काम करेंगे जो कोई बुझा नहीं पाएगा।

#### हर खेत में पानी पहुंचाना लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य के साथ कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। संताल प्रमंडल, कोल्हान प्रमंडल तथा पलामू प्रमंडल के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन के माध्यम से किसान भाइयों के खेत तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हमारी सरकार हर संभव प्रयासरत है। कई विभिन्न डेमों एवं बराजों के माध्यम से सिंचाई हेतु पाइपलाइन बिछाकर किसान भाइयों के खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने पर हो रहा कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी बढ़ने पर निरंतर कार्य हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के भीतर और रोड का जाल बिछाने का कार्य किया है। हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी को जोड़ने के लिए 15000 किलोमीटर सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अच्छी सड़कों का होना बहुत जरूरी है। हमारी सरकार सड़क निर्माण का कार्य निरंतर कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

#### किसान नेता ने केंद्र के प्रस्ताव को ठुकराया

# आज दिल्ली कूच का ऐलान




एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली चलो आंदोलन में भाग ले रहे किसान नेताओं ने सरकारी एजेंसियों द्वारा पांच साल तक 'दाल, मक्का और कपास की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किए जाने के केंद्र के प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि यह किसानों के हित में नहीं है तथा उन्होंने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी कूच करने की घोषणा की. किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि यह किसानों की एमएसपी की मांग को भटकाने और कमजोर करने की कोशिश की गई है. फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते किसानों के 'दिल्ली चलो% मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा रोक दिए जाने के बाद प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा-पंजाब की सीमा पर स्थित शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं. किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने बताया,केंद्र के प्रस्ताव को हमने खारिज कर दिया है. धान और गेंहू छोड़कर दलहन, कपास और मक्की की खेती करने वाले किसानों को ही वे न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दे रहे थे. ये हमको मंजूर नहीं है, क्योंकि बहुत से किसान पहले से ही दलहन, कपास और मक्का उगा रहे हैं.सरवन सिंह पंढेर ने कहा,ये कॉरपोरेट लॉबी कभी एमएसपीपर कानून नहीं लाने देंगे. प्रधानमंत्री की इच्छा शक्ति है, तो संसद का सत्र बुलाकर ये कानून लाएं. एमएसपी पर कानून लाने के लिए विपक्षी पार्टियां अपना रुख स्पष्ट करें, तो स्थिति साफ हो पाएगी. केंद्र का चेहरा तो बेनकाब हो ही गया है. 18 लाख करोड़ रुपये का कर्जा किसानों के ऊपर है. आजादी के बाद सबसे ज्यादा ताकतवर प्रधानमंत्री हैं तो नरेंद्र मोदी ये घोषणा करें कि एमएसपी पर लीगल कानून बनेगा, किसानों का कर्जा माफ होगा और स्वामीनाथन कमीशन का फार्मूला सी2 प्लस एमएसपी लागू होगा.

#### प्रधानमंत्री ने जम्मू में 32,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

# विकसित भारत का मतलब विकसित जम्मू-कश्मीर : पीएम मोदी



एजेंसी

**जम्मू :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि हमने विकसित जम्मू-कश्मीर का संकल्प लिया है। विकसित भारत का मतलब विकसित जम्मू-कश्मीर है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को परिवार संचालित पार्टियों का शिकार बताते हुए कहा कि सरकार अब किसी परिवार की नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर की सेवा कर रही है। प्रधानमंत्री जम्मू में 32,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।प्रधानमंत्री ने डोगरी में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए वादा किया कि कोई भी पात्र नागरिक लाभ से नहीं चूकेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी। जनसभा में मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जम्मू-कश्मीर सहित पूरे भारत में हुए विकास कार्यों का लेखा-जोखा रखा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक झूठ बोला है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की।प्रधानमंत्री ने कहा कि अब हमने विकसित जम्मू-कश्मीर का संकल्प लिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हम विकसित जम्मू-कश्मीर बनाकर रहेंगे।

उन्होंने कहा,आपके सपने पिछले 70 साल से अधूरे हैं। हालांकि आपके सपने आने वाले कुछ ही वर्षों में मोदी पूरे करके देगा। प्रधानमंत्री ने उस समय को याद किया जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ बम, अपहरण और अलगाव की निराशाजनक खबरें ही आती थीं। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैंने सभी को बता दिया है कि भाजपा को 370 सीटें और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी।

# टीएसपीसी का सबजोनल कमांडर सहित 3 गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** टंडवा व पिपरवार के आलावे रांची के खलारी स्थित कोयलांचल क्षेत्र में लेवी व रंगदारी की मांग को लेकर आतंक का पर्याय बन चुके प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्शलियों के विरुद्ध चतरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित टंडवा व पिपरवार थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कोल व्यवसाईयो और संवेदकों को धमकी देने में शामिल टीएसपीसी के सबजनल कमांडर अभिषेक उर्फ राजा उर्फ शोभित, एरिया कमांडर इरफान अंसारी उर्फ तूफान के अलावे एरिया कमांडर संदीप लोहरा उर्फ बलवंत को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार सभी नक्शली टंडवा,पिपरवार व खलारी थाना क्षेत्र में कर रहे कोयला व्यवसाईयो को लेवी की मांग को लेकर लगातार धमकी देते थे। इसके आलावे देवी नहीं देने पर अपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दिया करते थे। इस दौरान पुलिस की टीम ने गिरफ्तार नक्शलियों के पास से दो देशी पिस्टल, 7.66 एमएम का 6 राउंड जिन्दा गोली,7.62 एमएम का तीन राउंड गोली, दो धारदार चाकू, लेवी और रंगदारी मांगने की घटना में प्रयुक्त संगठन के नाम पर बना एक दर्जन से अधिक लेटर पैड पर्चा व विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल फोन के अलावे अन्य सामानों को बरामद किया है। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि गिरफ्तार नक्शली कोयलांचल क्षेत्र में लेवी की मांग को लेकर लगातार सक्रिय थे। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पूर्व रांची जिले में हुए टीएसपीसी के रीजनल कमांडर भीखन गंझू के इसारे पर कोयला व्यवसाई अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या किये जाने की बात को स्वीकार किया। उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र में कार्य कर रहे कोयला व्यवसाययों और ठेकेदारों से निडर होकर कार्य करने की बात कही है।

# देवघर : बुजुर्ग दंपती की निर्मम हत्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवघरः** चोरी की नीयत से घर में घुसे युवक ने सोमवार की रात घर के मालिक अनुज कुमार बरनवाल (62 वर्ष) और उसकी पत्नी बासमती देवी (56 वर्ष) की रॉड और ईंट से मारकर हत्या कर दी. घटना नगर थाना क्षेत्र के सिंघवा मोहल्ले में तालाब के सामने स्थित एक घर की है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. मृतक बासमती देवी घर में ही एक किराना दुकान संचालित करती थी, जबकि पति की बस स्टैंड में एक पान दुकान है. इधर जघन्य घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा मृतक के घर के अंदर रखे एक बॉक्स में छिपकर बैठ गया. अहले सुबह जब पड़ोस के लोगों को कुछ अनहोनी की आशंका हुई तो पास पड़ोस सहित मृतक के रिश्तेदार काफी संख्या में पहुंच गए पुलिस को सूचना दी गई. इसके बाद नगर थाना प्रभारी समेत पदाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली. मृतक के दुकान का शटर तोड़कर पुलिस अंदर गयी. घर के अंदर बॉक्स में छिपकर बैठा युवक उसी सिंघवा मोहल्ले का निवासी अमन महथा उर्फ पुचका निकला, जिसे पुलिस द्वारा वहीं हिरासत में ले लिया गया. पुलिस काफी मशक्कत के बाद जब मृतक के घर के अंदर गई तो देखा कि बेडरूम के दरवाजे के पास बासमती देवी की लाश पड़ी थी और आगे बाथरूम के समीप अनुज बरनवाल का शव पड़ा था. पुलिस ने मृतक दंपती के शव को उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा. मौके से गिरफ्तार अमन उर्फ पुचका नशे में था.

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला न्याय पथ यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड अन्तर्गत मंगलवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा कर्रा प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज के अध्यक्षता में जुरदाग पंचायत के ग्राम जलटंडा से हरूहप्पा तक झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को न्याय देने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति पर न्याय पद यात्रा निकाला गया. झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन कल्याणकारी कार्यों और उनकी उपलब्धियों की जानकारी उपस्थित सभी ग्रामीणों को दी गयी. केंद्रीय एजेंसियों को केन्द्र सरकार के द्वारा गलत ढंग से उसका इस्तेमाल कर निर्दोष हेमंत सोरेन को एक साजिश के तहत और बेबुनियाद तरीके से फसाया गया है. इस न्याय यात्रा में मुख्य रूप से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, हेमंत तोपनो, सुशील पहान, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय संगा, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष डेविड हमसोय, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विनोद भेंगरा, कर्रा प्रखण्ड अध्यक्ष शेख फिरोज, जुरदाग पंचायत अध्यक्ष सैमसंग तिड़ू, मुखिया सुनिता संगा, सदस्य लूकस तिड़ू, नामलेन तिड़ू, जोलजेन आईन्द, सुम्बारी संगा आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध शराब की आठ भट्ठियां ध्वस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतगावां :** पुलिस ने अवैध शराब बनाने व बेचने वालो के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान के दौरान प्रखंड के राजाबर के जंगलों में अवैध महुआ शराब और जावा महुआ को नष्ट किया किया गया। उक्त आशय की जानकारी प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने दी । जिसमें सतगावां थाना अंतर्गत ग्राम राजाबर जो बिहार सीमा के कोवाकोल थाना से लगा हुआ है, जिसमें शराब के अवैध निर्माण के खिलाफ सतगावां एवं पुलिस नवादा उत्पाद विभाग कोडरमा उत्पाद विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई जिसमे 8000 किलो ग्राम जावा महुआ एवम200लीटर देशी शराब ,शराब निर्माण करने वाले उपकरण और 8भट्ठी को विनष्ट किया गया साथ ही चार लोगों के खिलाफ दो अज्ञात सहित उत्पाद विभाग के द्वारा अग्रेतर करवाई की जा रही है,छापामारी दल में मुख्य रूप दिवाकर कुमार, पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी सतगावां,सुभाष बेसरा, अज़निज़्उज़, कोडरमा, निखिल चंद्र, अज़निज़्उज़, कोडरमा, शिव सागर, अज़निज़्उज़,कोडरमा, सन्नी कुमार, अज़निज़्उज़, नवादा, रूपेश कुमार, अज़निज़्उज़, नवादा,7 राजेश कुमार पटेल, अज़निज़्उज़, नवादा,रहमत जमा, अज़निज़्उज़, नवादा, एवं उत्पाद सिपाही, जैप -5 के शस्त्र बल एवं गृह रक्षा बल के जवान शामिल थे ।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने अफीम की खेती किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (रांची) कमान्डेंट एस. डी. शेरखाने के दिशा निर्देश पर भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी गाँव में लगातार भागो में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है और गाँव के सभी नागरिको को इससे सम्बंधित होने बिमारियों और परेशानियो के बारे में जागरूक किया जा रहा है । सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट के द्वारा इससे सम्बंधित किसी भी प्रकार की सहायता हेतु गाँव के नागरिको को हर संभव मदद का आश्वाशन दिया गया है । इस अभियान के तहत आज सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट और थाना अडकी (खूंटी) के द्वारा विशेष नशा मुक्ति अभियान चलाया गया,जिसमें गांव आराघाती इलाके में 8.5 एकड (लगभग) में लगे अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया और गाँव के नागरिको को इसे न करने की सलाह दी गयी । इस मौके पर 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट के प्रभारी इंस्पेक्टर नकुल चंद्र मंडल, उप निरीक्षक - पद्मधर दास,सहायक उप निरीक्घषक -किदारा राम , सा.आ. मिलन कुमार,जयप्रकाश यादव, चन्दन कुमार, और सुकरा होरो के साथ अन्य सशस्त्र सीमा बल जवान और थाना अडकी के सहायक उपनिरीक्षक -मुनेश्वर राम और अन्य पुलिस बल भी मौजूद रहे ।

## पूर्व शिक्षा पदाधिकारी को दी गई विदाई

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड संसाधन केंद्र खलारी में पूर्व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रविंद्र प्रसाद को विदायी समारोह आयोजित कर विदायी दी गयी. साथ ही वर्तमान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुरेश चौधरी का स्वागत किया गया .कार्यक्रम में शिक्षक गिरिधर मिश्रा ने दोनों प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया और शिक्षक उतरा ने बुके प्रदान किया . इस मौके पर राजेश वर्मा, सर्वरीनाथ चौरसिया,सुमन सिंह, नेहा प्रसाद,नूतन कुमारी, बाबी देवी, अमित मिंज, कमलनाथ, सबिना खातून , श्याम चौबे, जलेश्वर यादव, तारकेश्वर यादव, पूजा कुमारी, नीतीश कुमार, दीपक कुमार आदि लोग उपस्थित थे .

## प्रखण्ड संसाधन केंद्र में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड संसाधन केंद्र खलारी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया . जिसमें खलारी के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे जो अपने विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किए थे वो शामिल हुए. भाग लेने वाले बच्चों ने अपने अपने विषय को प्रदर्शित किया.सभी बच्चे अपने अपने थीम के बारे मे लोगो को विस्तार से जानकारी दिया. इस मौके पर खलारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुरेश चौधरी ने बच्चों से अनेक प्रश्न किये . जिसे बच्चे एक एक कर के अपने विषय के बारे मे जानकारी दिया . विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुटाप के बच्चे मुस्कान सिंह, रेशम फिरोजी और तमन्ना प्रवीन ने प्राप्त किया . वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय लपरा के बच्चे दूसरे स्थान प्राप्त किये . कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के बच्चे तीसरे स्थान प्राप्त किया . इस अवसर पर पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र प्रसाद, गिरिधर मिश्रा, उतरा कुमार, नेहा प्रसाद, राजेश वर्मा, सरवरीनाथ चौरसिया, दीपक कुमार,सुमन सिंह, अमित मिंज, नूतन कुमारी आदि लोग उपस्थित थे ।

## केनरा रोबेको मैन्युफैक्चरिंग फंड लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने अपनी नवीनतम पेशकश, केनरा रोबेको मैन्युफैक्चरिंग फंड का अनावरण किया है, जिसका उद्देश्य भारत के बढ़ते विनिर्माण परिदृश्य की क्षमता का दोहन करना है। 16 फरवरी, 2024 को खुलने वाला, न्यू फंड ऑफरिंग (एनएफओ) 01 मार्च, 2024 तक जारी रहेगा।विनिर्माण विषय पर गहन ध्यान देने के साथ, ओपन-एंडेड इक्विटी योजना रणनीतिक रूप से वैश्विक विनिर्माण पावरहाउस के रूप में उभरने की भारत की महत्वाकांक्षा के साथ जुड़ी हुई है। फंड को एसएंडपी बीएसई इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई के मुकाबले बेंचमार्क किया जाएगा। केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड के सीईओ रजनीश नरूला ने भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग और अनुकूल जनसांख्यिकी का हवाला देते हुए लॉन्च के उपयुक्त समय पर प्रकाश डाला।

## फ्लिपकार्ट व एनएसडीसी ने मूल्यवान कौशल प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स बाज़ार फ्लिपकार्ट और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने छात्रों और इच्छुक उम्मीदवारों को ई-कॉमर्स, खुदरा और वेयरहाउसिंग क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए मूल्यवान कौशल हासिल करने के लिए सशक्त बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत, फ्लिपकार्ट इन क्षेत्रों में भूमिका निभाने के लिए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण, कौशल, उन्नयन और प्रमाणित करेगा। एमओयू विनिमय समारोह में श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय मंत्री, शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता, भारत सरकार, श्री अतुल कुमार तिवारी, सचिव, एमएसडीई और श्री वेद मणि तिवारी, सीओओ, एनएसडीसी उपस्थित थे।

## भाजपा का गांव चलो अभियान जारी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा खलारी मंडल के द्वारा बूथ स्तर पर गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है. बूथों के लिए नियुक्त प्रवासी संबंधित बूथ क्षेत्र में बूथ कमेटी व वहां के कार्यकर्ताओं के साथ अभियान में निर्देशित कार्य कर रहे हैं. आम लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बतायी जा रही है. इसी के तहत बिधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ,शत्रुंजय सिंह बूथ संख्या 34 चुरी होयर,35 चुरी बस्ती में बूथ अध्यक्ष लालेश्वर यादव व गौतम यादव के साथ घर-घर घूमे और लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों तथा जनहित में किए गए लोक कल्याणकारी कार्यों से अवगत कराया.बताया कि किस प्रकार पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), आयुष्मान कार्ड, जन-धन खाता, शौचालय, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना, किसान सम्मान निधि, एम्स, मेडिकल कालेज, हवाई अड्डा, गरीब कल्याण अन्न योजना का लोगों को लाभ मिल रहा है. दीवार पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल फूल बनाया व 'एक बार फिर से मोदी सरकार' का नारा लिखा.वही इस दौरान किसान मोर्चा के अध्यक्ष गणेश यादव ने गौ पूजन व ट्रेक्टर पूजन का भी कार्य किया. इस मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, चतुर्गुण भुइयां, बीरेंद्र मुंडा, कारू यादव शामिल थे ।

## स्वर्गीय विष्णु चरण महतो की 98वीं जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा

**मुरी :** मुरी गोला मुख्य पथ के सिंगपुर चौक पर 23 फरवरी 2024 शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख विधिज्ञात महान समाजवादी नेता स्वर्गीय विष्णु चरण महतो की 98वीं जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि संजय सेठ कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो उपस्थित रहेंगे। इस समारोह में कविकार एच ऐन सिंह, डॉ मोनसिंह महतो , डॉक्टर मंजय प्रमाणिक, कवि देवेंद्र नाथ महतो, कवि मुक्ति पदो महतो, कवि बंशीधर महतो, प्रोफेसर बी एन प्रमाणिक, गंगाधर मुंडा, पश्चिम बंगाल से बिजराज महतो इन सभी को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही स्वर्गीय विष्णु चरण महतो के वंशज को भी सम्मानित किया जाएगा, इस समारोह पर सभी बुद्धिजीवी समाजसेवी सादर आमंत्रित है। इस समारोह की जानकारी डॉक्टर राजाराम महतों ने दिया है ।

# फिल्म अभिनेता गोविंदा पहुंचे बुंडू, सूर्य मंदिर में माथा टेका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू स्थित प्राचीन कालीन भव्य सुर्य मंदिर के प्रांगण में बॉलीवुड जगत के मशहूर अभिनेता गोविंदा आज अचानक पहुंचे।इस दौरान उनका स्वागत उलगुलान फाउंडेशन के उपाध्यक्ष आजसू के केन्द्रीय सचिव रामदुर्लभ मुंडा ने किया।मंदिर परिसर में गोविंदा लगभग 30 मिनट तक रूके और भगवान सूर्य की अराधना कर साष्टांग प्रणाम किया और मंदिर के पुजारी से मंदिर के बारे जानकारी ली। वहीं यहां के प्राकृतिक दृश्यों को देख उन्होंने कहा कि इस जगह का और विकास होना चाहिए ये काफी खूबसूरत जगह है। बताया जा रहा है कि उड़ीसा स्थित बारीपादा में आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए एक नीजी कार्यक्रम से भाग लेकर वो जमशेदपुर से रांची के लिए सड़क मार्ग से वापस लौट रहे थे इसी दौरान लगभग ढ़ाई बजे उन्होंने सूर्य मंदिर का दर्शन किया और इसकी खुबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हुए। प्राचीन कालीन सूर्य मंदिर के बारे मान्यता है कि जब राम भगवान को वनवास हुआ था तो यहीं पर उन्होंने सुर्य भगवान को अर्ध्य दिया थे। और तभी से इस जगह पर पूजा होती। हालांकि यह पहली बार नहीं है इससे पहले भी वह कई बार रांची आ चुके हैं।

## आजसू ने नामकुम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड कार्यालय में आजसू पार्टी नामकुम प्रखंड कमिटी के द्वारा अबुआ आवास में गड़बड़ी होने एवं ग्राम सभा से चयनित लाभूको का नाम बदलकर दूसरे का नाम भेजना ।प्रखंड के सभी प्रधानों का अवहेलना करने पर आजसू पार्टी इसका विरोध करता है। अतः इसको अतिशीघ्र सुधार किया जाए ।इस विषय को लेकर नामकुम प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन देते हुए मौके पर पार्टी के केंद्रीय सदस्य छोटू उप संजीव सिंह, केंद्रीय सदस्य राजू नायक, रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष रतन लाल होणडा,धीरज नाग पंचायत प्रभारी बडाम, विवेक गोप पंचायत प्रभारी हुवागहातू, जयपालसिंह मुण्डा उपस्थित थे।

# अबुआ आवास में गड़बड़ी को लेकर तमाड़ के ग्राम प्रधानों ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को आवेदन सौंपा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड ग्राम प्रधान संघ द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को महामहिम राज्यपाल के नाम आवेदन सौंपा । अबुआ आवास चयन प्रक्रिया में ग्राम सभा द्वारा चयनित नामों को ही शामिल करने तथा गुप चुप तरीके से प्रशासन द्वारा तैयार सूची को निरस्त करने संबंधी ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधान संघ के यदुगोपाल सिंह मुंडा, मानकी जगन्नाथ सिंह, मानकी उमाकांत सिंह, लक्ष्मण सिंह मुंडा, राजेंद्र सिंह मुंडा, विष्णु पद महतो, नारायण सिंह मुंडा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्राम प्रधानों ने आवेदन सौंपते हुए कहा कि यह उनके मान सम्मान और अस्तित्व का सवाल है कि कैसे बिना ग्रामसभा द्वारा चयनित लोगों को अबुआ आवास के लाभुक में शामिल किया गया।झारखंड में पंचायती राज व्यवस्था और पेसा एक्ट कानून के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में हर कार्य ग्राम सभा द्वारा चयनित नामों या योजनाओं को ही लेने की बात कही जाती है। और जमीनी स्तर पर जब काम होता है तो ठीक उसके विपरीत होता है।

तो क्या झारखंड सरकार ग्राम सभा को ध्वस्त करना चाहती है। कई आदिवासी और झारखंडी विधायक भी इस विषय पर मौन हैं। ग्राम प्रधानों द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय से आग्रह किया गया है कि उनके आवेदन पर संज्ञान लेते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करें तथा उन्हें उनका हक और अधिकार दें अन्यथा ग्राम प्रधान संघ द्वारा मनमौजी करने वाले प्रशासन और सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेंगे। आज ज्ञापन सौंपने वालों में यदुगोपाल सिंह मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा,मानकी जगन्नाथ सिंह,मानकी उमाकांत सिंह , के अलावे विष्णु पद महतो, शिवलोचन सिंह मुंडा, राजेंद्र सिंह मुंडा, नारायण सिंह मुंडा, ठाकुर सिंह मुंडा, गंगाधर सिंह मुंडा श्याम सिंह मुंडा,छुटु लोहरा, दिलीप सिंह मानकी, शक्ति पद मुंडा, रामेश्वर सिंह मुंडा, पूर्णचंद्र मुण्डा, नन्द किशोर महतो, दूधेश्वर महतो, दिगम्बर लोहरा सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान शामिल थे।

# खूंटी में बाईपास सड़क की घोषणा केवल चुनावी स्टंट : दिलीप मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाचार पत्रों के माध्यम से खूंटी जिला में बाईपास निर्माण हेतु 1100 करोड रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई ह्य-75 श्व तुपुदाना से बदगांव सीमा तक अच्छा लगा कि बाईपास एवं सड़क चौड़ी होगी लेकिन ऐसा नहीं है पूर्व में ह्वाढ्ढ द्वारा सड़क बनाने का प्रस्ताव था लेकिन अब NH-75 E के द्वारा ही सड़क एवं बाईपास का निर्माण कराया जाएगा ऐसा प्रस्ताव केंद्रीय मंत्री भारत सरकार परिवहन एवं सड़क मंत्रालय को भेजा गया है अभी डीपीआर की स्वीकृति नहीं हो पाई है कंसल्टेंट की बहाली नहीं हुई है और सड़क तथा बाईपास का प्रस्ताव जो 2017 में था वैसा ही अभी भी लंबित है अभी झारखंड सरकार द्वारा केंद्र को सिर्फ प्रस्ताव भेजा गया है अभी जमीन का अधिग्रहण की प्रक्रिया लंबित है अधियाचना नहीं हुई है।NH-75 श्व के कार्यपालक अभियंता विनोद कच्छप से बात करने पर पता चला कि 2017 के प्रस्ताव पर ही निर्माण किया जाएगा अभी प्रक्रिया में है कही बाईपास का निर्माण संबंधित सूचना कहीं चुनावी स्टंट तो नहीं है जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्व में पहल किया जाता है तो खूंटी बाईपास का निर्माण जरूर होता पर चुनाव नजदीक है तो कई एक तरह का शिगूफा देखने को मिलेगा लेकिन खूंटी की जनता तो आशान्वित है धैर्य रखना जानती है कि जनप्रतिनिधि छलावा नहीं करेंगे लेकिन जनप्रतिनिधि खूंटी बाईपास के निर्माण के लिए कभी ईमानदारी पूर्वक पहल नहीं किया जिसकी खामियाजा जनता आज तक भुगत रही है। जनप्रतिनिधियों को बाईपास के निर्माण की याद अभी आ रहा है चुनाव के वक्त आ रहा है बाईपास का दर्द खूंटी की जनता एवं उसे रोड से चलने वाले संख्या गाड़ियों के चालक ही समझ रहे हैं की खूंटी में बाईपास कितनी जरूरी है अभी अभी चुनाव का मौसम है तो तरह-तरह के बाईपास संबंधी सूचना सुनने और देखने को मिलेगा प्रतिनिधि से जानना चाहते हैं कि सिमडेगा रोड एवं तमाड़ रोड जो 10 मीटर की चौड़ीकरण है लेकिन तुपुदाना से खूंटी NH 75 E खूंटी रांची रोड 7 मीटर चौड़ी ही है अगर सचमुच में जनप्रतिनिधि चाहते तो 7 मीटर की जगह रोड की तरह रोड का चौड़ीकरण होता है लेकिन 7 मीटर की रोड पर ही सीमट के रह गया लेकिन कोई जनप्रतिनिधि इस और पहल करने का प्रयास आज तक नहीं किया जो खूंटी के लिए दुर्भाग्य की बात है।

# मूलवासी सदान मोर्चा के अधिकार मार्च की तैयारी को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** मूलवासी सदान मोर्चा की रांची में होने वाली अधिकार मार्च की तैयारी को लेकर मंगलवार को महादानी मैदान स्थित रंग मंच में बैठक किया गया।

बैठक में मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मधु मंसुरी, नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राम प्रसाद उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता क्षितीश कुमार राय किया।

मोर्चा द्वारा 27 फरवरी मोराबादी मैदान से राजभवन तक अधिकार मार्च आयोजित की गई है। तत्पश्चात मांगों को लेकर राज्यपाल को विज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक को संम्बोधित करते केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अलग राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया। उन्होने सदानों को अधिकार लेना है तो संगठित होकर अधिकारों के लिए सड़क पर उतरना होगा। तब ही मूलवासी सदानों को अधिकार मिलेगा।

पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम जिस तरह हज और तिर्थ के लिए जाते हैं ठीक उसी तरह अपने बाल बच्चों के भविष्य के लिये मोराबादी मैदान में अपने अधिकार के लिए, अधिकार मार्च ,में भारी से भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है।

डॉ राम प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों को शिक्षित होना जरूरी है तभी वे अपने अधिकारों को समझ पाएंगे। अध्यक्षता करते हुए क्षितीश कुमार राय ने कहा कि आने वाले समय में मूलवासी सदान की जो बात करेगा उसी को सत्ता देंगें बैठक में अधिकार मार्च को लेकर तैयारी समिति बनाई गई है जिसमें सुशील साहू, नवल सिंह, सुरेश महतो, कोरेश मिर्धाहा, धनंजय महतो, शशि महतो, रशीद मिर, सुदर्शन साहू, बसंती देवी, सावित्री देवी, उमेरा खातून, सरिता देवी,नव दीप महतो, मुकेश गोप हैं। वही धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, बानी कुमार राय, और मुमताज खान को संरक्षक बानाए गए।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

अतिअल्पकालीन ई–निविदा (तृतीय आमंत्रण)
PR 312117, 310020, (Drinking water and sanitation)23-24

निविदा सं०:–12 of 2023–24 तिथि –20.02.2024

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Biological Effluent Treatment Plant having capacity 10 KLD with Shed, SWR Pipe line & its allied work at Medical Collage campus of RIMS Bariyatu, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 8926699.00 | 179000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 2 | Construction of Biological Effluent Treatment Plant having capacity 15 KLD with Shed, SWR Pipe line & its allied work at Super Speciality and Dentistry campus of RIMS Bariyatu, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 8096920.00 | 162000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 3 | Construction of Biological Effluent Treatment Plant having capacity 15 KLD with Shed, SWR Pipe line & its allied work at Trauma Centre campus of RIMS Bariyatu, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 6537600.00 | 131000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 4 | Construction of Biological Effluent Treatment Plant having capacity 10 KLD with Shed, SWR Pipe line & its allied work at Oncology campus of RIMS Bariyatu, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 6362009.00 | 128000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 5 | वेवसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 22.02.2024 up to 05.00 P.M. | | | |
| 6 | ई–निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 28.02.2024 up to 03.30 P.M. | | | |
| 7 | ई–निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। | | | |
| 8 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.02.2024 up to 4.00 P.M. | | | |
| 9 | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। | | | |
| 10 | ई0 प्रोक्युरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0 | 9835068475 | | | |

नोट :–1. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है तद्नुरुप परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि बढ़ या घट सकती है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर उस बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदाकार की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए website http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जल ही जीवन है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
गोन्दा, राँची।

PR 319697 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## 48 परिवारों को पानी की परेशानी से मिला निजात : अंसार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान चेपापुल के पास इकरा कॉलोनी पानी का टैंकर लेकर पहुंचे। अंसार खान ने बताया इकरा कॉलोनी फ्लैट में मोटर खराब होने के कारण 48 परिवारों को पानी की दिक्कत हो रही थी । नगर निगम के सहायक उपायुक्त मोहम्मद आकिब को इसकी जानकारी दी। फॉरेन सहायक उपायुक्त मोहम्मद आकिब ने पानी का टैंकर इकरा कॉलोनी भेजा। अंसार खान के साथ जिला कांग्रेस कमेटी कोध्यक्ष मोहम्मद सलीम मौजूद थे।

## मुर्शीदाबाद के बाउल सम्राट व 6 वर्ष का बालक ने बीखेरा जलवा



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरीलोंग में श्री श्री 108 स्वामी निगमानंद सरस्वती प्रवर्तित मानुष मुड़िया विभागीय भक्त सम्मेलन का द्वितीय दिवस को जय गुरु नाम उद्घोष के साथ वीमल चैतन्य सरस्वती व सारस्वत मठ के महंत महाराज ब्रजेशानंद सरस्वती द्वारा स्वामी निगमानंद सरस्वती द्वारा सद गुरु 108 परिब्रजकाचार्य स्वामी निगमानंद सरस्वती देव के द्वारा बताए गए चतुर्विध साधन व सत गृहस्थ का प्रतिष्ठा पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वामी निगमानंद सरस्वती के लीला चरित्र पर प्रकाश डालते हुए मोक्ष मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया। वहीं बंगाल के मुर्शिदाबाद के बाउल सम्राट उज्वल चक्रवर्ती द्वारा आध्यात्म और गुरु का महिमा पर एक से बढ़कर एक बाउल गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं 6 वर्ष का एक संस्कारी बच्चे ने भजन के धुन पर रौद्र नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि बुधवार को दिन भर कार्यक्रम के बाद दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मौके पर संचालन समिति के अध्यक्ष बासुदेव चटर्जी, उत्तम कुमार सेन, भोलानाथ गोराई,मोहन महतो,दीजपद पारित,अनिता पारित, अजीत महतो , कान्हाई गोराई, सुधा निधि महतो ,आदि उपस्थित थे।

## महिला समिति ने 50 बुजुर्गों के बीच बांटे कंबल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की ओर से भेजे गए 50 कंबलों का वितरण मंगलवार को मां बासुमति महिला समूह की सदस्यों ने पटमदा प्रखंड अंतर्गत महुलबना पंचायत के केंदडीह गांव में किया। इस संबंध में चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि विधायक की ओर से मां बासुमती महिला समूह को जरूरतमंदों के बीच बांटने के लिए 50 कंबल उपलब्ध करवाया गया था। मौके पर बासंती महतो, सारथी महतो, मधुमिता महतो, कलाबति महतो, उषा महतो, नियति महतो, फुलमनी महतो शामिल थे।

## ज्ञान कर्म के द्वारा होता है भक्ति का जागरण

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पण्डवा ग्राम में आनन्दमार्ग प्रचारक संघ की ओर से बाबा नाम केवलम संकीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर आचार्य संज्ञानन्द अवधूत ने कहा कि जीवन की आकांक्षित लक्ष्य परम पुरुष को पाने के लिए ज्ञान, कर्म और भक्ति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि भक्ति जहां सभी दोषों से मुक्त है, वहीं ज्ञान और कर्म में कुछ कमियां रह जा सकती हैं। उन्होंने हमेशा आलस्य और अहंकार से दूर रहने की अपील किया। इस मौके पर आयोजित संकीर्तन में काफी संख्या में अनुयायी शामिल हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे भुक्ति प्रधान गोपाल बर्मन, बीर सिंह जामुदा, सरिता जामुदा, बसन्त राम, प्रवेश गोप, गौरी शंकर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रोटरी दलमा व साकची गुरुद्वारा का फिजियोथेरेपी कैम्प 25 से



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहरवासियों को कई प्रकार के जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर दलमा और गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, साकची के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय फिजियोथेरेपी कैम्प का आयोजन किया जाएगा. इस संबंध में क्लब की अध्यक्ष सास्वती घोष ने बताया कि उक्त फिजियोथेरेपी कैम्प का शुभारंभ 25 फरवरी को साकची गुरुद्वारा परिसर स्थित गोविंद भवन में होगा और 28 फरवरी तक चलेगा. इस क्रम में आयोजन स्थल में रोटरी क्लब के सदस्यों ने लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर लांच की. लॉन्चिंग के दौरान क्लब की अध्यक्ष सास्वती घोष, सचिव मनीष चौधरी, कोषाध्यक्ष विशाल तेहरान, संयुक्त सचिव सुचिष्मिता चक्रवर्ती सहित हरविन्दर सिंह, रमनदीप सिंह सिद्धू व सतवीर सिंह मौजूद थे. सास्वती ने बताया कि उपरोक्त चारों दिन रोजाना पूर्वान्ह 10 से अपरान्ह 1 बजे तक और अपरान्ह 4 से संध्या 7 बजे तक कोई भी व्यक्ति यहां आकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं. शिविर में घुटनों का दर्द, पीठ दर्द, फ्रोजेन शोल्डर, एड़ी का दर्द, सर्विकल स्पॉन्डिलाइसिस आदि के दर्द निवारण के लिए लोग शिविर में आ सकते हैं. शिविर में उदयपुर (राजस्थान) से आनेवाले फिजियोथेरेपिस्ट रोहित कुमार शिविर में लोगों को आवश्यक परामर्श देंगे. इसके पूर्व शिविर का लाभ लेने को इच्छुक लोगों को अपना नाम रजिस्ट्रेशन कराना होगा, जिसके लिए मात्र 50 रुपये फीस तय की गयी है. इस राशि के बदले लोग चारों दिन अपना फिजियोथेरेपी करवा सकते हैं. रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल नंबर 9570899989, 8873512072 तथा 9709112222 पर सम्पर्क कर सकते हैं.

## अशोक साव बने आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने आजसू पार्टी के सरायकेला खरसावां जिला के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव को केंद्रीय सचिव मनोनीत किया है। इस संबंध में डॉ. देवशरण भगत ने पत्र भी जारी किया। केंद्रीय सचिव मनोनीत किए जाने पर अशोक साव ने केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं केंद्रीय कमिटी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि संगठन के इस दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। वहीं अशोक साव को केंद्रीय सचिव बनाये जाने पर उनके समर्थको व आजसू पार्टी में हर्ष है। उन्हें कई लोगों ने बधाई भी दी है।

## गम्हरिया पंचायत सचिवालय में पेंशन शिविर आयोजित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत सचिवालय में बुधवार से तीन दिवसीय पेंशन शिविर के आयोजन का शुभारंभ हुआ। इस शिविर में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए जिन्हें मौजूद पंचायत सचिव स्मृति अवस्थी द्वारा सरकार के इस योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में प्रथम दिन कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए। इस शिविर में मुखिया निरोला सरदार, उप मुखिया रेणु महतो, पंसस विकास कुमार शर्मा, वार्ड सदस्य अनिता देवी, नेहा शर्मा, पूर्णिमा महतो, सुनीता देवी, जल साहिया पबिता महतो, समाजसेवी माधव महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी का ईचागढ़ विस स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित

# 2024 में झारखंड में ऐतिहासिक बदलाव करेगी आजसू : सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सह सिली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 में आजसू झारखंड में ऐतिहासिक बदलाव करेगी। ईचागढ़ विधान सभा में भी बदलाव होगा। यहां से आजसू प्रत्याशी हरेलाल महतो के लिए कार्यकर्ता डेढ़ लाख वोट दिलाने की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि झामुमो के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार का आरोप में जेल में बंद हैं। झामुमो का नारा था आबुआ राज लेकिन इसे बाबुआ राज बनाकर रख दिया है और सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को भ्रष्टाचार की खुली छूट दे रखी है। उन्होंने कहा कि 40 साल से बाहरी नेताओं ने ईचागढ़ विधान सभा का प्रतिनिधित्व किया और यहां के जनता का विकास न कर अपना विकास किया है। आजसू के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि विरोधी आजसू पार्टी से डरती है। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो किसान मजदुर शोषित पीड़ित के उत्थान के लिए काम करते हैं। आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डा. देवशरण भगत ने कहा कि ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र आंदोलनकारियों की भूमि है। आजसू के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि झारखंड में निकम्मा सरकार राज कर रही है। यह साल झामुमो सरकार के अंतिम साल है। इस अवसर पर आजसू नेता डोमन सिंह मुंडा, चंद्रगुप्त सिंह, वैद्यनाथ महतो, रवि शंकर मौर्य, सत्यनारायण महतो, सचिन महतो, अशोक कुमार साव उर्फ माझी साव, अमला मुर्मू, असित सिंह पात्र, रेणुका पुराण, सुलोचना प्रमाणिक, दुर्योधन गोप, शेखर गांगुली आदि उपस्थित थे।



## अबुआ आवास गड़बड़ी के मामले में विमल बैठा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा उपायुक्त को ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में मंगलवार को पटमदा प्रखंड अंतर्गत गोबरघुसी गांव के ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल के नाम कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपकर अबुआ आवास योजना की सूची में हुई गड़बड़ी की शिकायत की गई। सूची में संपन्न लोगों का नाम होने की शिकायत करते हुए जांचोपरांत योग्य लोगों को ही योजना का लाभ देने की मांग की गई है। विमल बैठा ने बताया कि राज्य में अबुआ आवास योजना के नाम पर लूट हो रहा है। पूर्व में इंदिरा आवास का लाभ ले चुके या पक्के मकान मालिकों को भी इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह समस्या जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों की समस्या है। ज्ञापन में पूर्व सैनिक बीरेंद्र प्रताप सिंह, स्वपन दत्त, बरुन दत्त, नंदु दत्त, भगीरथ कालिंदी, प्रशांत दत्त व लखिन्दर आदि के हस्ताक्षर शामिल हैं।

## जमीन मापी कराने गए पुलिस बेरंग वापस लौटे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** प्रखंड अंतर्गत शहरबेड़ा गांव में मगंलवार को मोतीलाल कर्मकार द्वारा जमीन मापी के लिए दी गई आवेदन पर मौजा शहबेड़ा, खाता संख्या 24 एवं प्लॉट संख्या 297 में पुलिस दल के साथ अमीन गए थे। मापी स्थल में दो पक्ष की विवाद के कारण पुलिस दल एवं अमीन बेरंग वापस लौटे। उक्त जमीन का कुछ हिस्सा 24 जनवरी 1962 को कृष्ट महतो पिता जगन्नाथ महतो ने खरीदा है। मगंलवार को कृष्ट महतो के परिजनों ने उक्त जमीन मापी का विरोध किया जिसके कारण प्रशासन बिना मापी कराएं बेरंग वापस लौटे। वहीं जमीन मापी के लिए अंचल कार्यालय चांडिल द्वारा कृष्ट महतो के परिजनों को भेजा गया नोटिस में अंचल कार्यालय का मुहर है लेकिन अंचल अधिकारी हस्ताक्षर नहीं है। जिसके कारण कृष्ट महतो के परिजनों द्वारा जमीन मापी का विरोध किया गया। मालूम हो कि चांडिल अंचल में जमीन विवाद एक प्रमुख समस्या है। जमीन विवाद में हत्याएं भी हो चुका है लेकिन जमीन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसमें कहीं न कहीं प्रशासन की निष्क्रियता है।

## साकची शिव मंदिर में धूमधाम से मनाया गया श्री श्री श्याम महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 35वां श्री श्री श्याम महोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया. 1301 निशान यात्रा का शुभारंभ साकची शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाबा के जयकारे से हुई, जो साकची बाजार डालडा लाईन, पलंग मार्केट चौक, साकची बिरसा मुंडा चौक से स्टेट माइल रोड़ से काशीडीह होते हुए वापस मंदिर पहुंच कर बाबा श्याम को निशान अर्पित करने के साथ संपन्न हुई। निशान यात्रा के दौरान मार्ग में स्थानीय कलाकार महावीर अग्रवाल द्वारा डोरी खींच के राखिजे यो है बाबा को निशान. पैदल चालनिये के सागे चाले बाबा श्याम... जैसे शानदार भजनो की प्रस्तुति दी। इस यात्रा में राधा-कृष्ण और हनुमान जी का रूप धारण किये कलाकारों द्वारा नृत्य भी किया गया। शोभा यात्रा में सैकड़ों महिलाएं एवं युवा एक ही परिधान परिधान में शामिल थे। मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे ध्वजा पूजन यजमान अंजू-नरेश सिंघानिया, अंजना-मनोज अग्रवाल एवं कमलेश अग्रवाल सपत्नी ने किया। संध्या 8.30 बजे अखंड ज्योत की पूजा मुख्य यजमान राम कृष्ण चौधरी ने सपरिवार की। श्री श्याम निशान यात्रा सह महोत्सव में समस्तीपुर से आयी भजन कलाकार रेशमी शर्मा और कोलकाता से आये शुभम-रूपम की जोड़ी ने मधुर भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन को पटमदा व बोड़ाम में आए 828 आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए मंगलवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के 19 पंचायतों में तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन आयोजित शिविर आयोजित में 50 या उससे अधिक उम्र के लाभुकों से आवेदन प्राप्त किए गए। बोड़ाम प्रखंड की चार पंचायतों माधवपुर, बोड़ाम, गौरडीह व कुईयानी एवं पटमदा प्रखंड के सभी 15 पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन पटमदा प्रखंड के सभी पंचायतों से कुल 376 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 308 महिला व 68 पुरूष शामिल हैं। जबकि बोड़ाम प्रखंड की चार पंचायतों में कुल 452 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें पुरूष 103 व महिला 349 शामिल हैं। इस संबंध में पटमदा बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज ने बताया कि सर्वजन पेंशन योजना के लिए एससी/एसटी पुरुषों तथा सभी कोटि की महिलाओं के लिए उम्र सीमा 60 से घटाकर 50 किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए 20 से 22 फरवरी तक पंचायतों में शिविर आयोजित कर लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर योजना का लाभ दिया जाएगा। शिविर में सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, पंसस, वार्ड सदस्य समेत अन्य लोग सक्रिय दिखे।

## सरायकेला जिला नियोजनालय में कल आयोजित होगा रोजगार मेला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** गुरुवार 22 फरवरी को मॉडल कैरियर सेंटर सह जिला नियोजनालय, सरायकेला में पूर्वाह्न 10 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार से मिली जानकारी अनुसार रोजगार मेला में रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ब्रेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बीके स्टील, टॉपलिंक हुंडई, श्री राम होंडा, देलहीवेरी प्राइवेट लिमिटेड, युवा शक्ति फाउंडेशन, यूनिवर्सल कंस्ट्रक्शन एवं छवि कंस्ट्रक्शन सहित जिले के अन्य प्रमुख एवं प्रतिष्ठित नियोक्ताओं द्वारा 338 विभिन्न पदों पर सरायकेला-खरसावां, जमशेदपुर एवं चाईबासा में नियुक्त करने हेतु योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को संस्थानों द्वारा 10 हज़ार से 25 हज़ार रुपये प्रतिमाह तक वेतन भुगतान किया जाएगा। साथ ही उन्हें कैंटीन, बस सर्विस सहित पीएफ, ईएसआईसी एवं इंसेंटिव जैसी अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। उक्त रोजगार शिविर में भाग लेने हेतु नए एवं अनुभवी अभ्यर्थियों की उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए, 8 वीं, 10 वीं, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, बीटेक, एमबीए उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ भाग ले सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी नें जिले के सभी योग्य अभ्यर्थियों से आह्वान किया कि उक्त रोजगार शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले एवं रोजगार के अवसर प्राप्त करें।

## युवा पीढी को संस्कार की सीख जरूरी : पं विवेक महाराज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भुइयाडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज ने भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण के जन्म का मनोरम वर्णन किया गया। कथा के दौरान मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। आचार्य ने कहा कि आज की युवा पीढी धन कमाने में लगी हुई है लेकिन अपनी कुल धर्म और मर्यादा का पालन बहुत कम कर रहे हैं। उन्होंने आज की युवा पीढी को भगवान श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने आदर्श स्थापित किया है, वह आज भी प्रासंगिक है। राम जन्म, ताड़का वध, राम विवाह, वनवास, रावण वध सहित राम राज्याभिषेक पर सुन्दर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि द्वापर में जब कंस के अत्याचार बढ़े तो श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर मुक्ति दिलाई। कथा वाचक ने कहा कि जीवन में जब भी भगवत नाम सुनने का अवसर प्राप्त हो, उससे विमुख नहीं होना चाहिए।



### टाउन हॉल सिदगोड़ा में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन आयोजित, पांच सहिया हुए सम्मानित

## फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने व मतदाता जागरूकता की ली शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाउन हॉल सिदगोड़ा में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जमशेदपुर पूर्वी श्री सरयू राय शामिल हुए। इस अवसर पर उपायुक्त अनन्य मित्तल, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू एवं उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा समेत जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी, टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मौके पर उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले के प्रत्येक प्रखंड की 5 सहियाओं को प्रमाण पत्र के साथ उपहार से सम्मानित किया गया। सहिया सम्मेलन में पूरे जिले की स्वास्थ्य सहिया शामिल हुई । विधायक सरयू राय ने कहा कि विवाहित महिला, गर्भवती महिला, किशोरी एवं शिशु की स्वास्थ्य समस्याओं को विभाग से जोड़ने की सहियाएं मुख्य कड़ी हैं। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने उपस्थित सभी सहियाओं से कहा कि आपके योगदान से समाज स्वस्थ रहता है और आने वाली पीढ़ी भी आपके निरंतर प्रयास से ही स्वस्थ रहेगी। जिला परिषद अध्यक्षा बारी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने कहा कि अपने पोलियो खुराक से लेकर कोविड टीकाकरण अभियान तक सहिया दीदी की तत्परता और सेवा की अनुभूति उन्होंने की जिसके वे कृतज्ञ मन से शुक्रगुजार हैं। सिटी एसपी मुकेश लुणायत ने कहा कि साहिया दीदी द्वारा किए गए कार्य को वे सैल्यूट करते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक हाकिम प्रधान ने किया।

## शहर के आस पास कुष्ट रोग को जड़ से मिटाने में जुटी टाटा मोटर्स व एनजेएमएस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर शहर की चहल-पहल के बीच एक संगठन, नव जागृत मानव समाज (एनजेएमएस) अनेक लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। एनजेएमएस एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो कुष्ठ रोग (लेप्रसी) से बचाव और नियंत्रण करने के लिए समर्पित है। टाटा मोटर्स के सहयोग से, एनजेएमएस इस बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए और लोगों को मज़बूत बनाने के लिए लगातार काम कर रहा। जमशेदपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों में कुष्ठ रोग के मामलों में कमी लाने के क्षेत्र में एनजेएमएस ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। इस मुहिम में 500 से ज्यादा स्थानीय स्वयंसेवक शामिल हैं, जिसमें टाटा मोटर्स के स्वंयसेवक और अन्य समान विचारधारा वाले परोपकारी व्यक्ति शामिल हैं। एनजेएमएस ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लोगों को रोजगार में लोगों को सक्षम बनाने और जीविकोपार्जन के क्षेत्र में पहल कर कई पहलुओं पर उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। अपने सर्वे से एनजेएमएस ने कुष्ठ रोग की जल्दी पहचान के लिए 75 हजार लोगों तक पहुंच बनाई है। केवल तीन सालों में कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है, पहले जहां 1000 में से 15 लोग कुष्ठ रोग की चपेट में आते थे, वहीं अब यह संख्या 1000 में से केवल 5 लोगों तक सिमट गई है। एनजेएमएस अंत्योदय भवन में 4000 से ज्यादा कुष्ठ रोगियों को मेडिकल केयर और रहने की मुफ्त सुविधा उपलब्ध कराता है। टाटा मोटर्स में सीएसआर हेड विनोद कुलकर्णी ने जोर देकर कहा, नव जागृत मानव समाज कुष्ठ रोग को जड़ से मिटाने और इससे पीड़ित लोगों को मजबूती प्रदान करने की अथक प्रतिबद्धता में सहानुभूति और लचीलेपन के सच्चे सार का प्रतीक है। टाटा मोटर्स इस नेक प्रयास में एनजेएमएस का सहयोग कर बेहद आभारी महसूस कर रहा है। टाटा मोटर्स ने कुष्ठ रोग मुक्त समाज बनाने की दिशा में एनजेएमएस के अमूल्य योगदान की पहचान की है।

## बीएफआईएल को मिला सर्वश्रेष्ठ सीएसआर पहल पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड (बीएफआईएल) की अग्रणी सीएसआर पहल भारत संजीवनी को आईआईटी मद्रास द्वारा उनके प्रतिष्ठित शिखर सम्मेलन बिल्डिंग इंडिया 2047-टेक्नोलॉजीज फॉर ए बेटर टुमॉरो में सर्वश्रेष्ठ सीएसआर पहल के रूप में सम्मानित किया गया। तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल सेवाओं के मंत्री, डॉ. पलानिवेल थियागा राजन ने विगत 17 फरवरी शनिवार को टीटीजे ऑडिटोरियम, आईसी एंड एसआर बिल्डिंग, आईआईटी मद्रास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य लोक अधिकारी और सीएसआर के प्रमुख, किशोर संबासिवम को पुरस्कार प्रदान किया। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए किशोर संबासिवम ने कहा कि हम बीएफआईएल में आईआईटी मद्रास (प्रमुख आईआईटी में से एक) से इस पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता होने पर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

संपादकीय

# ये 'कमल' खिलाते कांग्रेसी

यह लोकसभा चुनाव का मौसम है, लिहाजा प्रत्येक राजनीतिक घटनाक्रम महत्वपूर्ण है। एक तरफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं, दूसरी तरफ भाजपा का कुनबा विस्तृत होता जा रहा है। उसकी चुनावी चुनौती भी 'अपराजेय' लगती है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस भी बिखर रही है, जिसके नेता पार्टी छोड़ कर भाजपा या अन्य दलों में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस का राजनीतिक और वैचारिक घर टूट रहा है, यह अत्यंत महत्वपूर्ण और चिंतित सरोकार है। सरोकार इसलिए है, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में करीब 12 करोड़ मतदाताओं ने कांग्रेस के पक्ष में वोट किया था। यह कोई सामान्य जनाधार नहीं है, लिहाजा कांग्रेस का चिंतित विश्लेषण करना आज मौजू है। ताजा खबर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, 9 बार के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलनाथ की है। फिलहाल अटकलें हैं कि वह और उनके सांसद-पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस का 'हाथ' छोड़ कर भाजपा का साथ देने जा रहे हैं। बिना आग के धुआं नहीं होता! यह उक्ति फिजूल नहीं है। चूंकि नकुल नाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कांग्रेस का नाम और चुनाव चिह्न हटा दिए हैं। ऐसा कई कांग्रेस विधायकों और पूर्व विधायकों ने भी किया है। सोशल मीडिया पर 'जय श्री राम' और 'परिवारजनों के साथ' लिखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी अपने संबोधनों में अक्सर 'परिवारजनों' कहते रहे हैं, लिहाजा यह भी पुख्ता संकेत हो सकता है। अचानक छिंदवाड़ा से दिल्ली आए कमलनाथ ने इन अटकलों का खंडन तक नहीं किया है। वह 'इस तरफ या उस तरफ' की भाषा बोल रहे हैं। मीडिया को भी आश्वस्त कर रहे हैं कि जैसे भी कोई खबर होगी, सबसे पहले आपके साथ साझा करूंगा।' बहरहाल कमलनाथ ने 50 साल से अधिक समय तक कांग्रेस के साथ रहकर राजनीति की है। यकीनन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उन्हें अपना 'तीसरा बेटा' मानती थीं। यदि अब 77 साल की उम्र में वह राजनीतिक पाला बदलते हैं और बेटे का संसदीय करियर सुरक्षित करना चाहते हैं, तो वे दोनों कांग्रेस से भाजपा में आ सकते हैं। यह पालाबदल कांग्रेस के लिए 'आत्मघाती' साबित हो सकता है, क्योंकि मुख्यमंत्री स्तर के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं और कांग्रेस आलाकमान इसे 'आंतरिक लोकतंत्र' करार दे रहा है। कमलनाथ नया उदाहरण हो सकते हैं, लेकिन अशोक चव्हाण, गुलाम नबी आजाद, एसएम कृष्णा, विजय बहुगुणा, दिगंबर कामत, मुकुल संगमा, किरन रेड्डी, एन. वीरेन सिंह, कैप्टन अमरिंदर सिंह, नारायण राणे आदि 13 कांग्रेसी मुख्यमंत्री पार्टी छोड़ कर भाजपा का 'कमल' खिला चुके हैं। बुनियादी सवाल है कि आखिर इतने वरिष्ठ और परंपरागत कांग्रेस नेता पार्टी को अलविदा कहने को विवश क्यों हो रहे हैं? सभी को प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर विभाग के खौफ नहीं हैं। दरअसल यह कांग्रेस के भीतर की हताशा और चुनाव न जीतने की संभावनाएं ही हैं कि कांग्रेसी 'अपना घर' छोड़ रहे हैं। भाजपा में संभावनाएं और राजनीतिक आयाम बेहद व्यापक हैं। जिन्होंने कांग्रेस छोड़ी है, उन्हें या तो राज्यसभा में भेजा गया है अथवा राज्य सरकारों में मंत्री या केंद्रीय मंत्री बनाया गया है। कांग्रेस कमलनाथ को राज्यसभा में भेजकर मना नहीं सकी। भाजपा ने हिमंता बिस्व सरमा, पेमा खांडू और माणिक साहा तो क्रमशः असम, अरुणाचल और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बना दिए हैं। महाराष्ट्र के पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने बीते सप्ताह ही कांग्रेस छोड़ी है और भाजपा के राज्यसभा सांसद बन गए हैं, लेकिन कांग्रेस में किसी भी स्तर पर, अपने वरिष्ठ चेहरों को, मनाने की कवायद तक नहीं की गई।

> कांग्रेस का राजनीतिक और वैचारिक घर टूट रहा है, यह अत्यंत महत्वपूर्ण और चिंतित सरोकार है। सरोकार इसलिए है, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में करीब 12 करोड़ मतदाताओं ने कांग्रेस के पक्ष में वोट किया था। यह कोई सामान्य जनाधार नहीं है, लिहाजा कांग्रेस का चिंतित विश्लेषण करना आज मौजू है। ताजा खबर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, 9 बार के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलनाथ की है। फिलहाल अटकलें हैं कि वह और उनके सांसद-पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस का 'हाथ' छोड़ कर भाजपा का साथ देने जा रहे हैं। बिना आग के धुआं नहीं होता! यह उक्ति फिजूल नहीं है। चूंकि नकुल नाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कांग्रेस का नाम और चुनाव चिह्न हटा दिए हैं। ऐसा कई कांग्रेस विधायकों और पूर्व विधायकों ने भी किया है। सोशल मीडिया पर 'जय श्री राम' और 'परिवारजनों के साथ' लिखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी अपने संबोधनों में अक्सर 'परिवारजनों' कहते रहे हैं, लिहाजा यह भी पुख्ता संकेत हो सकता है। अचानक छिंदवाड़ा से दिल्ली आए कमलनाथ ने इन अटकलों का खंडन तक नहीं किया है। वह 'इस तरफ या उस तरफ' की भाषा बोल रहे हैं।

### वर्ष 2012-13 में चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 5 फीसदी के करीब था

# आर्थिकी के श्वेत-स्याह पत्र की तस्वीर

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

> भारतीय अर्थव्यवस्था में रुचि रखने वाले लोग हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में मोदी सरकार के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था को रफ्तार दिए जाने और संप्रग सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन पर पेश किए गए श्वेतपत्र तथा कांग्रेस के द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से मोदी सरकार के 10 वर्षों की विफलताओं पर प्रस्तुत किए गए स्याह पत्र पर विचार मंथन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि जहां मोदी सरकार आर्थिक विकास व स्वरोजगार के विभिन्न मापदंडों पर तेजी से आगे बढ़ी है, वहीं प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में मोदी सरकार अभी यथोचित सफलता से दूर है।

इस समय पूरे देश ही नहीं, पूरी दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था में रुचि रखने वाले लोग हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में मोदी सरकार के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था को रफ्तार दिए जाने और संप्रग सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन पर पेश किए गए श्वेतपत्र तथा कांग्रेस के द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से मोदी सरकार के 10 वर्षों की विफलताओं पर प्रस्तुत किए गए स्याह पत्र पर विचार मंथन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि जहां मोदी सरकार आर्थिक विकास व स्वरोजगार के विभिन्न मापदंडों पर तेजी से आगे बढ़ी है, वहीं प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में मोदी सरकार अभी यथोचित सफलता से दूर है। वर्ष 2013-14 में भारत की अर्थव्यवस्था मुश्किल के दौर में थी। वह समय संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम वर्ष था। यदि हम संप्रग सरकार के उस समय के आर्थिक परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि भारत के राजकोषीय घाटे, मुद्रास्फीति तथा चालू खाते के घाटे में तेज इजाफा हुआ था। स्थिति यह थी कि वर्ष 2012-13 में चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 5 फीसदी के करीब था। वृद्धि को गति प्रदान करने के मद्देनजर ऐसी परियोजनाओं को ऋण देने को कहा गया जो उपयुक्त नहीं थीं। परिणामस्वरूप फंसे हुए कर्ज में तेज वृद्धि हुई। उस समय तत्कालीन सरकार भ्रष्टाचार तथा कई घोटालों के आरोपों में घिर गई। सर्वोच्च न्यायालय ने 2012 में 122 दूरसंचार लाइसेंस निरस्त कर दिए। इससे उस दौर के राजनीतिक तथा आर्थिक परिदृश्य का अंदाजा लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, कई घोटालों और समस्याओं से घिरी संप्रग सरकार समय पर जरूरी निर्णय नहीं ले सकी। भारत लगभग मुद्रा संकट के कगार पर पहुंच गया था। दूसरी ओर वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार (एनडीए) ने आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने को प्राथमिकता दी। राजकोषीय स्थिति को मजबूत बनाने के लिए नीतिगत प्रतिबद्धता का मजबूत संदेश दिया। साथ ही ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) के जरिए शक्ति संतुलन को लेनदारों के पक्ष में कर दिया। इससे ऋण संस्कृति में सुधार हुआ है और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में उल्लेखनीय पूंजी डालने से दोहरी बैलेंस शीट के घाटे को दूर करने में मदद मिली है। निश्चित रूप से एनडीए सरकार ने ऐसे कई तरह के सुधारों को अंजाम दिया जिनसे कारोबारी सुगमता बढ़ाई जा सके। रिजर्व बैंक ने




मुद्रा और विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन को लेकर वृहद आर्थिक स्थिरता को मजबूत बनाने के उपाय किए। लगातार कर सुधारों से भारत को अपने कर-जीडीपी अनुपात में सुधार करने में मदद मिली है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने से उद्योग-कारोबार को लाभ हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में बुनियादी ढांचे के निर्माण में आई क्रांति अहम भूमिका निभा रही है। पिछले 9 साल में आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर 34 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए 1500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त किए जाने की अहम भूमिका है। इस समय भारत को एक वैश्विक डिजाइन और विनिर्माण केंद्र में बदलने के लिए मेक इन इंडिया 2.0, मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों के लिए तकनीकी समाधान को बढ़ावा देने के लिए उद्योग 4.0, स्टार्टअप संस्कृति को उत्प्रेरित करने के लिए स्टार्टअप इंडिया, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी अवसंरचना परियोजना के लिए पीएम गति शक्ति और उद्योगों को डिजिटल तकनीकी शक्ति प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया जैसी सफल पहलों से भारत चतुर्थ औद्योगिक क्रांति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि 7 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में अपने संबोधन में कहा कि विगत 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गई है। अब आगामी पांच वर्ष विकसित भारत की बुनियाद के होंगे। दुनिया भारत की युवाशक्ति का दम देखेगी। स्टार्टअप, पेटेंट और सेमीकंडक्टर सहित विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर भारत का परचम दुनिया में फहराते हुए दिखाई देगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी एकमत से कहा जा रहा है कि भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनते हुए दिखाई दे सकता है। पिछले दिनों वित्त मंत्रालय की तरफ से भारतीय अर्थव्यवस्था पर जारी विस्तृत रिपोर्ट 'द इंडियन इकोनॉमी रिव्यू' में कहा गया है कि अगले तीन साल में ही भारतीय अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और भारत आर्थिक आकार के लिहाज से अमेरिका व चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कोरोना महामारी और उसके ठीक बाद भू-राजनीतिक उथल-पुथल से जहां दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं दो प्रतिशत की विकास दर हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया को आश्चर्यचकित करते हुए आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में भी सात प्रतिशत की विकास दर हासिल कर सकती है। रिपोर्ट में यह बात भी रेखांकित की गई है कि पिछले एक दशक में सरकार के साहसिक आर्थिक निर्णयों ने देश की आर्थिक बुनियाद को मजबूत बना दिया है। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत, अमेरिका और रूस दोनों महाशक्तियों के साथ भारत की मित्रता, तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण दुनिया के अधिकांश देशों की भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) की ललक, प्रवासी भारतीयों के द्वारा वर्ष 2023 में 125 अरब डॉलर से अधिक धन भारत को भेजने के साथ नए आर्थिक तकनीकी विकास के लिए बढ़ते कदम, चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, भारत के शेयर बाजार का दुनिया में सबसे तेजी से बढना, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, देश में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैर जरूरी आयात में कटौती और अर्थव्यवस्था के बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन सकती हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत के द्वारा वर्ष 2023 में की गई जी-20 की सफल अध्यक्षता से नए आर्थिक लाभों की ऐसी अभूतपूर्व संभावनाएं मिली हैं जिससे इस वर्ष 2024 में भारत से निर्यात, भारत में विदेशी निवेश, भारत में विदेशी पर्यटन और भारत के डिजिटल विकास का नया क्षितिज सामने आते हुए दिखाई देगा। जी-20 से दुनिया में ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के मद्देनजर भारत की अहमियत बढ़ेगी।

दृष्टि कोण

# केंद्र-राज्यों के बिगड़ते वित्तीय संबंध

केंद्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों के बीच वित्तीय ग्रांट एवं सहायता के ऊपर हमेशा टकराव होता रहा है। हाल ही में दक्षिण भारत के दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने केन्द्रीय सरकार पर राज्यों को वित्त देती बार भेदभाव का आरोप लगाया है। इसी सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार के खिलाफ दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना दिया। केरल सरकार ने इसके संबंध में उच्चतम न्यायालय में केस दर्ज भी किया है जिसमें कहा है कि केंद्र सरकार राज्य को वित्त/ऋण देने में सीमाओं को लगा रही है जिससे उसे कर्मचारियों के वेतन तक देने में कठिनाई हो रही है। कर्नाटक के एक एमपी ने तो केंद्र के अंतरिम बजट में कम बजट देने पर कहा कि अगर केंद्र सरकार दक्षिणी राज्यों से ऐसे ही भेदभाव करती रही तो दक्षिणी राज्यों को मजबूरन अलग राष्ट्र की मांग उठानी पड़ेगी। इस वक्तव्य की काफी आलोचना हुई है। इस तरह का टकराव ज्यादा उस समय बढ़ जाता है, जब केंद्र में अलग विचारधारा की सरकार होती तथा राज्यों में अलग राजनीतिक दल की सरकार। परंतु एक संघीय सरकार के सुचारू कामकाज के लिए केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं। भारतीय संविधान में ग्रांट तथा ऋण देने का प्रावधान रखा गया है ताकि केंद्र सरकार उन राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करे जो मुश्किल दौर में हों, ताकि विभिन्न क्षेत्रों का संतुलित आर्थिक विकास हो सके। केंद्रीय सरकार का ग्रांट एवं ऋण देने में अपना प्रभुत्व है। केन्द्रीय सरकार की दलील है कि राज्य सरकारें ग्रांट तथा ऋण के प्रयोग में वित्तीय लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतती हैं। बहुत सी राज्य सरकारें सहायता अनुदान, ऋण और ओवरड्राफ्ट के ऊपर ही निर्भर रहती हैं और किसी हद तक उनका प्रदर्शन ठीक नहीं है। वे अपने संसाधन उत्पन्न नहीं करती तथा मितव्ययिता पर ध्यान नहीं देती और ओवरड्राफ्ट को नियमित ऋण में बदलने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को कहती हैं। इससे मुद्रास्फीति का दबाव अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। राज्यों को ध्यान देना चाहिए कि नियोजन का खर्चा वास्तव में संसाधन उत्पन्न कर तथा उनका सही प्रबंध से करना चाहिए तथा ओवरड्राफ्ट के ऊपर निर्भर नहीं होना चाहिए। राज्य अनुत्पादक खर्चे या खराब लक्षित सब्सिडी के वित्तपोषण के लिए लापरवाही से उधार लेता है, जिससे विकास के लिए धन की उपलब्धता कम हो जाती है और राष्ट्रीय आय को नुकसान होता है। राज्यों का कर्ज देश की क्रेडिट रेटिंग को प्रभावित करता है। अगर कोई राज्य कर चुकाने में चूक करता है तो देश की प्रतिष्ठा संबंधी समस्या पैदा होती है और पूरे भारत की वित्तीय स्थिरता खतरे में डाल दी जाती है। इसलिए राज्यों को किसी स्रोत से ऋण लेने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति की आवश्यकता होती है। इसमें केंद्र पूरे देश की व्यापक आर्थिक स्थिरता के समग्र उद्देश्यों को ध्यान में रखता है तथा अनुच्छेद 293 (4) के तहत इसकी सीमा तय करता है। केंद्र सरकार राज्यों के उधार, ऋण और घाटे पर सीमा के माध्यम से विवेकपूर्ण ऋण प्रबंधन और राजकोषीय स्थिरता लाता है। राज्यों की स्वायत्तता की मांग देश की एकता और अखंडता को प्रभावित कर सकती है, इसीलिए संविधान केंद्र को सशक्त करने को कहता है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि राज्य सरकारों को पहले ही बहुत स्वायत्तता दी गई है। उनका अपने राज्य में बहुत से क्षेत्रों पर नियंत्रण है। कई बार केंद्रीय सरकार, राज्य सरकारों को ग्रांट तथा ऋण देने के नाम पर कंजूस होती हैं, जिससे राज्य सरकारें हमेशा डरी रहती हैं। इसीलिए केंद्र तथा राज्य के वित्तीय संबंधों पर कुछ राज्यों ने कमेटियां बनाईं जिसमें जेके थावराज कमेटी को केरल सरकार ने, राजा मन्नार कमेटी 1971 को डीएमके सरकार तमिलनाडु ने 1978 में, केंद्र-राज्य संबंधों पर आलेख पश्चिम बंगाल सरकार ने अपनाया। राज्य सरकारें बार-बार केंद्र-राज्य संबंधों, विशेष तौर पर वित्तीय संबंधों की विस्तृत समीक्षा की मांग करती रहती हैं। 1983 में केंद्र और राज्यों के संबंध बहुत ही नाजुक स्थिति में थे। इस समस्या के समाधान के लिए केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से सेवानिवृत्त न्यायाधीश रणजीत सिंह सरकारिया की अध्यक्षता में केंद्र-राज्य सम्बन्धों पर 3 सदस्यीय आयोग का गठन किया। हालांकि उस समय आठवां वित्त आयोग श्री वाईबी चवन की अध्यक्षता में कार्य कर रहा था। सरकारिया आयोग ने संवैधानिक, विधायी, वित्तीय और प्रशासनिक पहलुओं पर केंद्र.-राज्यों के संबंधों पर 1987 में रिपोर्ट पेश की जिसमें 247 सुझाव दिए थे, जिसमें से 180 सुझाव सरकार ने मान कर लागू भी कर दिए, परंतु देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता को संरक्षित रखा। भारतीय संविधान के अनुसार केंद्र एवं राज्य सरकारों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

*संयुक्त मोर्चा ने रेलीगढ़ा में बैठक कर विस्थापित व प्रभावितो के गांव जाकर दंगल सूची बनाने का लिया निर्णय*

## प्रबंधन से अनिवार्य रूप में वार्ता होने पर किया मंथन, आंदोलन की दी चेतावनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गिद्दी :** संयुक्त मोर्चा की बैठक मासस कार्यालय रेलीगढ़ा में मंगलवार को आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता सुंदरलाल बेदिया ने की। अवसर पर वक्ताओं ने कहान कि गिद्दी ए लोकल सेल सुचारू व शांति से चले और अतिशीघ्र गिद्दी ए सेल चालू हो, सेल चालू हो से पहले संयुक्त मोर्चा से सीसीएल प्रबंधन वार्ता अनिवार्य रूप से होना चाहिए, ताकि विस्थापित रैयत एवं इससे क्षेत्र से जुड़े प्रभावित गांव के मजदूरों को दंगल बनाकर रोजगार से जोड़ा जा सकें। जिससे गाड़ी लोडिंग में मजदूरों को भागीदारी मिल सकें। बैठक में निर्णय लिया गया कि संयुक्त मोर्चा द्वारा विस्थापित, प्रभावित गांवों में जाकर दंगल सूची बनाया जाएगा, दो दिन के अंदर पूरी दंगलों की सूची प्रबंधन को दिया जाएगा, प्रबंधन मोर्चा द्वारा बनाये दंगलों पर विचार नहीं करने पर मोर्चा द्वारा आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी आदि बातें कहीं गई। बैठक में मुख्य रूप से शशिभूषण सिंह, आरडी मांझी, सोहराय किस्कू, सुदर्शन मंडल, शाहिद अंसारी, प्रदीप रजक, हीरा प्रसाद यादव, सुनील कुमार सिंह, गणेश महतो, गुलाम मुस्तफा, गोपाल शर्मा, मो. रफी आलम, अमित यादव, महफूज, भुवनेश्वर कुमार, रामप्रवेश यादव, केतर मुंडा, तूफानी राम, मोहम्मद शमी, रामचंद्र महतो, इम्तियाज अंसारी, निसार अंसारी, शाहिद अंसारी, मो. सैफुल हक, अनिल कुमार महतो, प्रकाश महतो, विमल महतो, गणेश चौधरी, जयलाल महतो, मिथुन महतो, भुनेश्वर बेदिया, ऋषि दास, विनोद प्रसाद, धर्मेंद्र लोहार, मनोज महतो, रूपलाल बेदिया, प्रभु महतो, विनोद किस्कू, एनाम अंसारी, आजाद अंसारी, मनोज राम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पंजाब रेजिमेंटल सेंटर, रामगढ़ ने भारतीय सेना में पहल करते हुए एक अनोखी तकनीक मियावाकी के जरिये कम समय में घना जंगल तैयार करने का एक सफल प्रयास किया। इस तकनीक को एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एडिशनल डायरेक्टर जनरल इंफैन्ट्री द्वारा दिनांक 20 फरवरी 2024 को निर्धारित जगह पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इन विभिन्न प्रजातियों के तकरीबन 200 पौधे लगाए गए।इस जंगल को तैयार करने का अहम मकसद ज्यादा से ज्यादा पेड़ उगाना और प्रदूषण को कम करना है। इसमें पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के अधिकारी गण, जे सी ओ और जवानों ने उत्साहपूर्वक इस अभियान को उत्सव के रूप में मनाया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की द्रष्टि से मील का पत्थर साबित होगा और समृद्ध तथा स्वच्छ भविष्य प्रदान करेगा।

## रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के कार्यालय में हुई चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय से कई कीमती सामानों की चोरी किए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के मुताबिक रामगढ़ पतरातु बस्ती रोड स्थित चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में बीती रात अज्ञात चोर दरवाजा एवं खिड़की तोड़कर चेंबर भवन में घुस गए और वहां से लाखों रुपए मूल्य के कीमती सामग्री की चोरी कर ली। इस दौरान चोरों ने चैंबर भवन का अलमीरा, दराज आदि को भी तोड़ दिया ।आशंका व्यक्त की जा रही है कि चोरों ने इतमिनाना से घंटा चोरी की होगी।बताया जाता है कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा हुआ है। इस घटना की जानकारी पाकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी व रामगढ़ थाना प्रभारी आदि वहां पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए।

## तीन दिवसीय मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन शिविर का हुआ आयोजन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा बाजार स्थित मंगलवार को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का आरंभ किया गया। बताया गया कि यह शिविर 20 फरवरी से 22 फरवरी तक तीन दिवसीय चलेगी। इसमें एससी/एसटी महिला व अन्य वर्ग के 50 वर्ष तक के आयु वाले पेंशन फार्म के लिए आवेदन भरकर जमा कर सकेंगे। मौके पर अंचल रामगढ़ से किरण कुमारी, नगर परिषद से सलमान अंसारी, समाजसेवी रंजीत पासवान, दिनेश शर्मा, इस्लाम अंसारी, बबलू कुमार, रवि कुमार, अविनाश मुखर्जी आदि उपस्थित थे।



## जयंत सिन्हा को सांसद महारत्न पुरस्कार मिलने पर भाजपा नगर परिषद कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जन जन के नेता जयंत सिन्हा को 17 फरवरी 2024 को दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा सांसद महारत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की विषय है रामगढ़ नगर परिषद भारतीय जनता पार्टी की ओर से उनको बहुत-बहुत बधाई बधाई देने वालों में रामघाट नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी उपाध्यक्ष संजय शाह राम प्रसाद मलिक छठी लाल बिट्टू महतो महामंत्री सुनील प्रसाद साहू मनोज सिंह कोषाध्यक्ष गौतम राम मंत्री विजय गिरी कमलेश बेदिया हरि कुशवाहा मंजू देवी पूर्व अध्यक्ष दिवाकर सिंह सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह संजय लाल मनोज सिन्हा संजीव कृष्ण जमुवार रोहन लाल दिलेश्वर कुशवाहा दयनाथ कुशवाहा प्रमोद यादव अनिल यादव राजेश प्रजापति देवनारायण कुशवाहा दुलाल पांडा घनश्याम राणा नूतन महतो हरी लाल महतो तीर्थनाथ महतो रोहन साह सुरेंद्र रविदास मुनेश्वर रविदास रंजीत प्रसाद सुबोध सुबोध प्रसाद साहू गणेश प्रसाद साहू वीरेंद्र प्रसाद राजकुमार महतो अनुपम आनंद रणधीर गुप्ता अर्जुन अग्रवाल विनोद प्रसाद वीरेंद्र प्रजापति अर्जुन कुशवाहा संत राज पासवान सूरज पासवान गणेश सिंह अजय कुशवाहा रवि कुशवाहा मुकेश गिरी सहित भाजपा कार्यकर्ता ने बधाई दी।

## सरना समिति के लोगों ने दुलमी अंचल अधिकारी को अतिक्रमण हटाने का दिया ज्ञापन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरना समिति के लोगों ने दुलमी अंचल अधिकारी को अतिक्रमण हटाने का दिये ज्ञापन।समाजसेवी प्रकाश करमाली ने कहा कि दुलमी बाजार टॉड अंतर्गत सरहुल सरना स्थल में किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ करने वाले व्यक्तियों को बक्सा नहीं जाएगा। अपितु धर्म और आस्था अपना-अपना सभी समुदाय में एक अलग कल्चर होता है उस कल्चर सभ्यता को असमाजिक तत्वों जैसे व्यक्ति यदि छेड़छाड़ करते हैं तो उन लोगों को नामजद पुलिस थाने में केस दर्ज करवाया जाएगा । क्योंकि आदिवासी हरिजनों एवं मुल वासियों को डराने और धमकाने का कतई प्रयास न करें। दुलमी अंचल अधिकारी को आवेदन देकर सरहुल सरना स्थल को जल्द अतिक्रमण हटाने की मांग किया गया है। उपस्थित गुलाच पहान बसंत करमाली विनोद करमाली कैलाश करमाली अंदु करमाली शांति देवी विमली देवी जितनी देवी मानव देवी बबलू मुंडा सूरज मुंडा बिगन मुंडा सुधानी देवी बिमला देवी बिरसी देवी सोनू मुंडा कुंती देवी टिमन करमाली अनीता देवी गौतम मुंडा सर्जुन करमाली भुवनेश्वर बेदिया दशरथ करमाली करमचंद करमाली उमा देवी जलेश्वरी देवी जीतू पहन धुजा डोम बालेश्वर करमाली शीला देवी शंकर नायक कुंता करमाली रानी देवी पंकज कुमार महारंगी मुंडा जाया मुंडा हलवा देवी इत्यादि कई अन्य गणमानगणमान्य लोग मिलकर ज्ञापन सौंपे।



## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय प्रजातांत्रिक मंच के राष्ट्रीय युवा महासचिव बने नेसार अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय प्रजातांत्रिक मंच की राज्यस्तरीय बैठक कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया में सम्पन्न की गई। बैठक को अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनुल अंसारी तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नजरूल हक ने किया।इसकी शुरुवात तिलावते कुरान से केंद्रीय संरक्षक जहांगीर अंसारी ने किया। जहां मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, तथा राजनैतिक भागीदारी पर चर्चा की गई। वहीं मुख्य मुख्य वक्ताओं ने बारी बारी से संबोधित कर देश में अपलसंख्यकों के अधिकारों का तेजी से हो रहा हनन पर बात रखा तथा रोष व्यक्त किया गया।मौजूदा सरकार को भी यह बताया गया की समय रहते अगर अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर बात नहींकी जाती है तथा ठेस निर्णय नहीं लिया जाता है तो भारतीय प्रजातांत्रिक मंच पूरे राज्य में आंदोलन कर लोगो को सरकार के विरोध में जाने का आह्वान करेगा। इस बैठक में चतरा जिले से नेसार अंसारी को युवा राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया तथा टंडवा निवासी मो हसन को चतरा जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## राष्ट्रीय पटल पर इटखोरी का पुरातात्विक महत्व पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 के दूसरे दिन राष्ट्रीय पटल पर इटखोरी का पुरातात्विक महत्त्व पर संगोष्ठी का आयोजन जिला प्रशासन चतरा के नेतृत्व में की गई। संगोष्ठी में राजेंद्र देवरी, नीरज मिश्रा पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग रांची, बिनोवा भावे विश्वविद्यालय से प्रोफेसर बाखल, गया के बोध गुरु भंते तेसावरे आदि गणमान्य बुद्धिजीवियों ने पुरातात्विक महत्वता पर विचार विमर्श किया। संगोष्ठी में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र ने संबोधित कर इटखोरी मंदिर के इतिहास से लेकर वर्तमान समय तक के महत्वपूर्ण बिन्दु पर विचार प्रस्तुत किए। आगे कहा कि इटखोरी हमारे जिले के अभिन्न अंग है यहाँ पूरे राज्य के श्रद्धालुओं का जुड़ाव है। धार्मिक दृष्टिकोण से यह चतरा सहित झारखंड को अलग पहचान दिलाता है। यहां कई धर्मो का संगम स्थल है और शुरू से ही यहाँ का सामाजिक ताना बाना मजबूत रहा है। महोत्सव का आगाज 2015 से हुई है आज 10 वर्षो में राज्य ही नही पूरे देश एवं विश्व में एक अलग ही कृतिमान स्थापित किया है। और यही वजह है कि देश ही नहीं विदेशों से भी पर्यटकों की भीड़ बनी रहती हैं। माँ भद्रकाली की सुंदर प्रतिमा, 1008 शिवलिंग दर्शन, बोद्ध धर्म के अवशेष एवं जैन धर्म से जुड़े तथ्यों को दर्शन करने हर वर्ष यहां 10 से 15 लाख श्रद्धालुओं का आगमन होता है।अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल,अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।

## सिमरिया मुख्यालय में चिन्हित इंटर कॉलेज का भविष्य लटका अधर में

**एक वर्ष पूर्व विधायक किसुन दास और रांची यूनिवर्सिटी से कई प्राचार्य कर चुके हैं निरीक्षण**

**गैर सरकारी इंटर महाविद्यालय में बच्चों को भरना पड़ता है मोटी रकम**

**सरकारी इंटर कॉलेज के लिए बच्चे वर्षों से हैं उत्साहित, इनका सपना हुआ अधूरा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमण्डल मुख्यालय में सरकारी इंटर कॉलेज नहीं रहने से इन दिनों इंटर विद्यार्थियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिसके कारण बच्चों को मोटी रकम देकर इंटर का शिक्षा प्राप्त करना पड़ रहा है। और तो और निजी इंटर महा विद्यालयों की चांदी है। आपको बता दें कि एक वर्ष पूर्व रांची यूनिवर्सिटी के कई प्राचायों की एक टीम एवं सिमरिया विधायक किसुन दास के संयुक्त टीम ने हर्षनाथ पुर सिमरिया में सरकारी इंटर महाविद्यालय बनाने के लिए जमीन चिन्हित कर ली गयी है। परंतु अब तक महाविद्यालय का निर्माण नहीं किया जाना क्षेत्र के बच्चों में असंतोष की भावना जागृत हो रही है। बच्चों का कहना है कि यदि सिमरिया में सरकारी इंटर महाविद्यालय होता तो हम लोग कहीं दुशरे जगह जाना नहीं पड़ता अनुमण्डल क्षेत्र सिमरिया में हीं रह कर पढाई कर पाते।वहीं सरकारी प्रक्रिया के तहत शिक्षा एवं पुस्तक तथा फीस भरना पड़ता। परन्तु सिमरिया में जमीन चिन्हित कर लेने के बाद भी अब तक इंटर कॉलेज का आधार शिला नहीं रखा गया है। आखिर इसके पीछे क्या कारण है जो इंटर कॉलेज की स्वीकृति के बाद भी नहीं बनाया जाना एक अबूझ पहेली सी बन गयी है। इधर अनुमण्डल वासियों ने शिक्षा विभाग रांची एवं उपायुक्त चतरा से सिमरिया में सरकारी इंटर कॉलेज बनाने की अपील की है ताकि यहां के युवाओं एवं युवतियों को सरल शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

## मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर पंचायतों में लगा शिविर 493 जमा हुआ फॉर्म



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सभी पंचायतों में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ मंगलवार से किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत में मुखियाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया जहां सभी पंचायत से लगभग 500 फॉर्म जमा हुआ है।बताते चलें कि पंचायत द्वारी में 100 बरियातू में 100 बारिसाखी में 80 मंझगावा में 95 गिद्धौर में 50 पहरा में 18 वृध्दावस्था पेंशन को लेकर आवेदन जमा किए गए हैं। मौके पर उपस्थित मुखिया जगदीश यादव निर्मला देवी डेगन गंझु बेबी देवी सरिता देवी सुमीरा देवी पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया के साथ दर्ज में महिलाएं उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक घायल, किया गया रेफर


**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के पाण्डेयटोला निवासी गांव निवासी ललन लोहार का पुत्र सोनु लोहार रितेश सोमवार की रात सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों के तत्प्रता से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया।जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया।बताया गया कि युवक चतरा से वापस घर जा रहा था।इसी बीच तपेज समीप सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## बड़े पैमाने पर लावालौंग क्षेत्र रिमी अमानत नदी किनारे लगी है अफीम की खेती



**चतरा/लावालौंग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लावालौंग प्रखण्ड के रिमी पंचायत के अंतर्गत अमानत नदी किनारे एवं प्रखण्ड के कई अन्य पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में अफीम की खेती बड़े पैमाने में लगा हुआ। अफीम की खेती बचाने के लिए बिचौलियों ने लिस्ट बना उक्त अफीम के किसानों से मोटी रकम की वसूली की जा रही है। वहीं वन कर्मी भी पीछे नहीं है वनकर्मी भी किसानों से मोटी रकम वसूली कर रहें हैं। चुकी अधिकतर अफीम की खेती वन भूमि में लगी हुई है। इधर जिला अधिकारी अफीम की खेती रोकने के लिए लगातार जागरूकता चला रही है। फिर भी अफीम की खेती धड़ल्ले से वन भूमि में किया जाना यह एक अबूझ पहेली है। जबकि यह खेती प्रखण्ड के रिमी अंतर्गत कमलगड़ा, गोरा, चिपवाही, गोरा नदी, जपनबही, चाडी, छगरी डहर, कुम्हिया, हाले टांड आदि के अलावे प्रखण्ड के कई अन्य पंचायतों में बृहद पैमाने पर अफीम की खेती लगी हुई है। और धड़ल्ले से अफीम निकाली जा रही है। यदि इस पर रोक नहीं लगाई गई तो अफगानिस्तान बनने से कोई रोक नहीं सकता। क्योंकि अफीम की लत क्षेत्र के युवाओं में लग चुकी है। और कितने पागल और कितने मौत के शिकार भी इसी कारण से हो रहे हैं।

## राजकीय इटखोरी महोत्सव में प्रख्यात गायिका अक्षरा सिंह और बॉलीवुड के स्टार गायक अल्ताफ राजा ने बांधा शमा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राजकीय इटखोरी महोत्सव में देश की जाने वाली गायिका अक्षरा सिंह ने शमां बांध तो हजारों की तादाद में उपस्थित श्रोताओं ने उनके गायकी का भरपूर आनंद लिया। राजकीय महोत्सव में बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक अल्ताफ राजा की प्रस्तुति से सभी झूमने पर मजबूर हो गए। गौरतलब है कि राजकीय इटखोरी महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बॉलीवुड के स्टार कलाकार, गायक सहित झारखंड के लोक कला संस्कृति पर आधारित कलाकारों की भी प्रस्तुति हो रही है। झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री मुकुल नायक के भी प्रस्तुति की तो सबका दिल छू लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन बॉलीवुड के लोकप्रिय कलाकार किस्सू राहुल की प्रस्तुति ने भी सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। दूसरे दिन के कार्यक्रम का आगाज सुनील महतो एवं लकी नायक के ग्रुप के द्वारा किया गया। सबसे पहले लोक कला एवं संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। उसके बाद शालिनी दुबे साक्षी प्रिया, राहुल, रोहित आरके ग्रुप और कार्यक्रम के अंत में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक विनोद राठौर के प्रस्तुति ने समूह का दिल जीत लिया। बॉलीवुड का लोकप्रिय गायक विनोद राठौड़ का सबसे लोकप्रिय गाना नायक नहीं खलनायक हूं मैं की प्रस्तुति भी हुई। कार्यक्रम में पुलिस के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। राजकीय इटखोरी महोत्सव में झारखंड और बिहार के हजारों श्रोता पहुंचकर महोत्सव का आनंद उठाते हैं। इस दौरान भारी भीड़ को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## संवेदक कर गया अपना काम ग्रामीण पहले गंदे पानी से परेशान अब है नाले से परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र सिंघानी गांव में डीएमएफडी फंड से बनाई गई मुस्लिम मुहल्ला से संजू बीज भंडार तक नाली कार्य संवेदक कन्हाई यादव द्वारा सुरु से हीं विवादो में रहा है। नाली कार्य पूर्ण होने को है। लेकिन आज भी ग्रामीण इस नाली से खुश नहीं है ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन नाली और रास्ते ऊंची - नीची के कारण इस जगह पर काफी लोग दुर्घटना के शिकार होते हैं। कई लोग इस जगह पर मोटरसाइकिल चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। एक 207 पिकअप वाला बाल बाल बच्चा नहीं तो इसकी भी एक्सीडेंट हो जाता ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुवे कहा है कि इस नाली के साथ-साथ इस रोड को थोड़ा सही किया जाए जिसे राहगीरों को आसान पड़े और दुर्घटना होने से बचे, अभी भी इस नाली कार्य में पहले से ही अनियमता बरती गयी है। सही कार्य नहीं करने के कारण बहुत जगह ढक्कन, नाली बनते ही टूट गया है। ग्रामीणों का कहना है की इस नाली कार्य के ढक्कन को भी संवेदक द्वारा दुरुस्त किया जाना चाहिए। क्योंकि कभी भी राहगीर इस टूटे ढक्कन के कारण घटना का शिकार हो सकते हैं।

## जेएमएम कार्यकर्ताओं ने जालिम पंचायत में निकाला न्याय मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा जालिम पंचायत के विभिन्न गांव टोला में न्याय मार्च प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे के नेतृत्व में निकल गया। जिसमें आम जनता को यात्रा के माध्यम से संदेश दिया गया किस तरह केंद्र सरकार सरकारी एजेंसी का का दुरुपयोग कर झारखंड के पूर्व मुख्येमंत्री हेमंत सोरेन को आदिवासी मूलवासी दलितों पिछड़ों के विकास हेतु कम समय में सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने का काम किया यह केंद्र की सरकार हज़म नहीं कर पाया और केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से जेल भेजने काम किया। जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है इस न्याय यात्रा में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष इंद्रदेव उरांव जिला संगठन सचिव पॉल एक्का पंचायत अध्यक्ष धनलाल उरांव पंचायत सचिव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम 20 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ।प्रातः नौ बजे से कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गयी। मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडेय व रामानुज उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान पंकज कुमार गुप्ता व संतोष कुमार पिंटू सपत्नीक शामिल थे।कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हो कर थाना चौक पहुंची। इसके बाद मेन रोड से काली मंदिर मोड़ पहुंची काली मंदिर मोड़ से मानस पथ होते हुए औरंगा नदी तट पहुंची।यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में नदी का पवित्र जल भरा गया इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। यहां आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।मां दुर्गा की प्रतिमा बनायी गयी थी कलश यात्रा में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया।इससे पहले विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष माथा टेक कर आशीष प्राप्त किया और कलश यात्रा का शुभारंभ किया। नगर भ्रमण कार्यक्रम में श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहू, प्रमोद प्रसाद सिंह, महेंद्र प्रसाद शौंडिक, शशिभूषण पांडेय, अयोध्या प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद शौंडिक, समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, अशोक दास, कार्यकारिणी प्रमुख उमेश प्रसाद गुप्ता, ओम प्रकाश प्रसाद उर्फ राजू, राजीव कुमार गुप्ता, राजीव कुमार साहू, दीपू प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, सतीष कुमार, उज्जवल साहु, आकाश जायसवाल, विजेंद्र कुमार दास, विशाल कुमार, पंकज तिवारी, रमेश प्रसाद गुप्ता, दुर्गा प्रसाद, सुरेश प्रसाद, चंद्रेश्वर प्रसाद, लवकुश प्रसाद, विनोद प्रसाद, विष्णु प्रसाद, राजेश पाठक, विवेक शुक्ला आदि मौजूद थे। कलश यात्रा में राजेश मेकनिकल प्रतिष्ठान के द्वारा अमवाटीकर मोड़ में पानी की व्यवस्था की गयी थी। 22 को होगा भंडारा मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर व सह सचिव रंजीत कुमार ने बताया कि आगामी 22 फरवरी को मंदिर परिसर मे अपराह्न 12 बजे नौ कन्या पूजन के बाद भंडारा का शुभारंभ किया जायेगा। इसी दिन रात्रि आठ बजे से धनबाद के सरोज कुमार लख्खा एवं मंडली के द्वारा भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। इससे पहले 21 फरवरी को दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने इन सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील नगर वासियों से की है।

## शिबला पंचायत में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिबला पंचायत भवन परिसर में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, तथा मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे वृद्धा पेंशनयोजना का कुल 67 आवेदन प्राप्त हुआ। एससी एसटी के 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुषों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना हेतु आवेदन लिए गये। एसटी एवं एससी वर्ग के पुरुषों को जिन्हें 60 वर्ष से उम्र कम वालो को जाती प्रमाण पत्र के साथ आवेदन लिया गया। अन्य वर्ग के लिए पुरुष को 60 वर्ष को ही वृद्धावस्था पेंशन योजना हेतु आवेदन स्वीकार किया गया। मौके पर मुखिया सुरेश उरांव, पंचायत सेवक शेराफेनुस खलखो, रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव, रिंकू यादव, संजय कुमार, सुनील कुमार, भोला राम सहित काफ़ी संख्या मे महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## अबुआ आवास योजना में धांधली को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अबुआ आवास में हो रहे धांधली को लेकर मंगलवार को जिला सामाहरनालय आकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। मनिका प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जान्हो पंचायत के ग्राम पटना के ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर अबुआ आवास में हो रहे धांधली से अवगत कराते हुए सूची में सुधार कि मांग किया है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि हमारे गाँव में ग्रामसभा के निर्णय को दरकिनार करते हुए मुखिया और पंचायत सचिव द्वारा अपने मनमानी- तरीके से अबुआ आवास योजना स्कोरिंग कर हमारे गाँव के गरीब परिवार को वंचित किया गया है। हमारे गांव में लगभग 350 परिवार हैं जिसमें 95त्न गरीब परिवार हैं इसके वावजूद भी केवल मात्र एक परिवार का आवास योग्य स्कोरिंग किया गया है जो घोर धांधली है। शपथ पत्र के माध्यम से मांग करते हुए पंचायत का स्कोरिंग जांच कर ग्रामसभा के निर्णय एवं प्राथमिकता सूची के आधार पर आवास आवंटित करने की मांग उपायुक्त से किया है। दिये गये आवेदन में लिलेश्वर सिंह, दिनेश उरांव, मुल्ला देवी,प्रभु सिंह, रामजी यादव, मिना देवी, उदय सिंह, अमिता देवी, राजेश उरांव, चिन्ता देवी सहित सैंकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर अंकित है।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के नेवाड़ी पंचायत के समीप घोड़घड़ा मोंड़ के पास बीती रात तकरीबन 9:00 बजे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गया जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय मिंज उम्र 25 वर्ष के रूप में की गई है।मृतक अपने घर टंडवा से लातेहार परसही चोरया ग्राम अपने रिश्तेदार के यहां शादी में आ रहा था इसी बीच यह दुर्घटना हो गई वहीं सदर थाना को सूचना मिलते ही एसआई महली मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।

## पेयजलापूर्ति योजना धरातल पर बेकार साबित हो रहा है




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के हर गांव हर टोले में 14 वें वित्त आयोग से करोड़ों रुपए खर्च करते हुए जल मीनार अधिष्ठापन किया गया जो अभी जगह जगह पर धूल फांक रहा है बाद इसके केन्द्र सरकार महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल-जल योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर को शुद्ध पेयजलापूर्ति करने को लेकर कसमकश में है। वहीं पंचायती राज विभाग के द्वारा लुट योजनाबद्ध तरीके से प्रखंड के पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत पेयजलापूर्ति निर्माण कार्य लाखों रुपए की लागत से पूरा किया जा रहा है । उक्त सभी योजनाएं धरातल पर बेकार साबित हो रहा है। जहां प्रखंड अंतर्गत पंचायत चुंगरु के प्रा वि पिपराही में पेयजलापूर्ति निर्माण जिसकी प्राक्कलित राशि 2 लाख 33 हजार की लागत से मुखिया बलदेव परहिया के सौजन्य से निर्माण कार्य पूरा होते कुछ ही दिनों बाद शुद्ध जल की आपूर्ति करना बंद हो गया है। इस संबंध में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बताया गया कि बच्चों के मध्याह्न भोजन बनाने के लिए पानी काफी दूर लाया जाता है इतना ही नहीं विद्यालय के बच्चे पीने का पानी घर से ही बोतल में लाते हैं। उन्होंने बताया कि पानी की सुविधा नहीं होने से बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जलापूर्ति दुरुस्त करने के लिए हमलोगों ने मुखिया से कई मर्तबा इसकी शिकायत की है। इस संबंध में शिक्षकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि रेखा मिंज और जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह से कार्रवाई की मांग की है। बताते चलें कि पंचायत के मुखिया, सचिव और वेंडर सिर्फ निर्माण कार्य पूरा होने और राशि का बंदरबांट करने तक खड़े होते हैं वरना प्रखंड में कई ऐसे जलापूर्ति निर्माण विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्रों में शोभा की वस्तु बने बैठे हैं।

## बालूमाथ में अबुआ आवास के नाम पर हो रहा है अवैध वसूली

### लाभुकों ने बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई करने का किया मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास भ्रष्टाचार का भेट चढ़ता जा रहा है।जिस कारण गरीब असहाय का हक मार कर सक्षम लोगो को आवास दी जा रही है। मंगलवार को सेरेगड़ा पंचायत के चेटर ग्राम निवासी अकली देवी, सरिता देवी लखन गंझू, मीना देवी, प्रीतम गंझू, सुकी देवी, जगनी देवी, रूबी देवी, रमेश गंझु समेत कई लोगों ने बालूमाथ बीडीओ को लिखित आवेदन देकर कहा कि चेटर ग्राम के रहने वाले स्वयंसेवक सुदेश राम हम लोगो से दस हजार रुपये का मांग किया,एवं किसी से पाँच हजार तो किसी से दस हजार तक कि अवैध राशि वसूल किया। जब स्वयंसेवक द्वारा और पैसे की मांग की जाने लगी तो इसकी शिकायत लेकर बीडीओ के3 पास पहुंचे अकली देवी ने बताया कि हमसे दस हजार कॉलोनी के नाम पर मांगा गया स्वयंसेवक को पाँच हजार मैंने दे दिया। और पैसे की मांग किया जा रहा है। वहीं सरिता देवी ने कहा कि स्वयंसेवक द्वारा यह कहा गया कि आप लोगों का आवास आया है पेपर उधर-उधर करना है ब्लॉक के कई पदाधिकारी को देना पड़ता है यह कह कर 7 हजार ले लिया ।वहीं लखन गंझू ने कहा कि स्वयंसेवक द्वारा हमसे पाँच हजार लिया और पाँच हज़ार का मांग कर रहा है। लाभुकों ने एक स्वर में कहा कि पैसा की मांग करते हुए यह कहा गया कि यह पैसा ब्लॉक के बीपीएम, पंचायत सेवक एवं बीडीओ तक पहुंचना है। तभी आप लोगों का आवास हो पाएगा नहीं तो आप लोगों का नाम सूची से काट दिया जाएगा। लाभुको ने स्वयंसेवक समेत इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस सम्बंध में स्वयंसेवक सुदेश राम ने कहा कि लाभुक मेरे हाथ में पैसा नहीं दिया है अगर कहीं दिया भी होगा तो हम शाम तक सभी का पैसा लौटा देंगे। वही बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो के बालूमाथ प्रखंड के सभी 13 पंचायत में शिविर लगाकर अबुआ आवास का आवेदन ली गई थी लेकिन पैसे के लेनदेन के कारण कई जरूरतमंद लोगों को सूची से नाम हटाकर सक्षम लोगों को अबुआ आवास की सूची में नाम जोड़े जाने का खेल पिछले कई दिनों से निरंतर जारी है। स्थानीय ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह से बालूमाथ प्रखंड में चयनित किए गए अबूआ आवास की सूची में पैसे की लेनदेन की जांच करने की मांग की है।

## लुइस फिलिप ने आकर्षक 'रॉयल इंडियन वेडिंग' कलेक्शन लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लुइस फिलिप, आदित्य बिरला फैशल एण्ड रिटेल लिमिटेड के घराने से भारत के अग्रणी प्रीमियम मेन्सवियर ब्राण्ड, ने अपनी नई पेशकश 'द रॉयल इंडियन वेडिंग' कलेक्शन को पेश किया है। यह कलेक्शन लग्जरी और जादुई अहसास का जश्न है। इस खास रेंज को खूबसूरती से डिजाइन किया गया है, ताकि हर दूल्हा अपनी शादी के खास दिन राजसी लगे। यह कलेक्शन सदाबहार खूबसूरती और कंटेम्परेरी डिजाइन का प्रतीक है।लुइस फिलिप का 'द रॉयल इंडियन वेडिंग' कलेक्शन प्री-वेडिंग फोटोशूट से लेकर भव्य रिसेप्शन समारोह तक, शादी के हर खास पल की जरूरतों को पूरा करता है। इस कलेक्शन में आकर्षक थ्री-पीस सूट, मंत्रमुग्ध करने वाली बंडी, खूबसूरत बंदगला और सजीले टक्सेडो हैं। इन्हें खास स्टाइल वाले किनारों के साथ रिच ब्लैक टोन्स में बिना किसी गलती के तैयार किया गया है। कलेक्शन में छुपी हुई जेबों और जड़ित कॉलर्स वाली साटन शर्ट भी हैं। इन्हें उत्कृष्ट रॉ मटेरियल्स से बनाया गया है और इसमें तरह-तरह के रंगों के परिधान हैं, जैसे कि ब्लू, मरून, वाइन और टील जैसे बेहतरीन ज्वेल टोन्स शामिल हैं। और क्रीम तथा क्वार्ट्ज पिंक जैसे हल्के रंग भी हैं, जो किसी भी मौके को जादुई रंगत देते हैं।लुइस फिलिप की सीओओ फरीदा कालियादान ने कहा, 'शादियों का खुशियों से भरा सीजन पूरे शबाब पर है और हम रॉयल इंडियन वेडिंग कलेक्शन को लॉन्च कर उत्साहित हैं। यह दूल्हों को उनकी शादी के खास दिन वाकई राजसी होने का एहसास देगा। हर पीस को सावधानी से तैयार किया गया है, ताकि पहनने वाले को राजसी अनुभव मिले। इस कलेक्शन के साथ, लुइस फिलिप ने शादियों के परिधानों के लिये पसंदीदा ब्राण्ड के तौर पर अपनी स्थिति को मजबूत किया है। यह कलेक्शन बेमिसाल गुणवत्ता और डिजाइन की पेशकश करता है।



## कटिया नाली निर्माण का शिलान्यास किया गया

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत 15 वें वित्त मद से कटिया गैरेवाटांड़ बडरटोला में महेश महतो के घर से पुत्रियां नदी तक नाली निर्माण का शिलान्यास जिला पार्षद राजाराम प्रजापति एवं मुखिया किशोर कुमार महतो ने नारियल फोड़ कर किया। इस नाली के बनने से काफी लोगों का नाली का समस्या खत्म होगा आए दिन नाली नहीं रहने से घर से निकला पानी एवं बरसात का पानी से लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था तथा इस नाली को बनाने में क्षेत्र के जिला पार्षद राजाराम एवं मुखिया किशोर कुमार महतो द्वारा काफी प्रयास किया गया था तब जाकर यह नाली का समस्या खत्म हुआ इस नाली के बनने में कुल लागत लगभग 7 लाख लगेगा।शिलान्यास कार्यक्रम में पंचायत समिति अनीता जैन, उपमुखिया नंद किशोर महतो,वार्ड सदस्य रीता देवी,वकील महतो,गणेश कुमार ठाकुर,प्रदीप महतो,गोविंद महतो,महेश महतो,राजेंद्र महतो, रोहित साव,उदय महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।




### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

–:: निविदा रद्द संबंधी सूचना ::–

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Construction of 125/115 mm dia with 70m/90m/120 mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part–2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine/DTH Rig Machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on turn-key basis under D.W.&S. Division, Hazaribagh for the Year 2023-24 जिसका P.R. No.:-316666 Drinking Water and Sanitation (23-24):D है, के निम्नांकित ग्रुपो को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। जिसकी विवरणी निम्न है–

| | |
|---|---|
| 1 | HZB/70 M/DT/02 |
| 2 | HZB/70 M/DT/03 |
| 3 | HZB/70 M/DT/06 |
| 4 | HZB/70 M/DT/07 |
| 5 | HZB/70 M/DT/08 |
| 6 | HZB/70 M/DT/09 |
| 7 | HZB/70 M/DT/10 |
| 8 | HZB/70 M/DT/11 |
| 9 | HZB/70 M/DT/12 |
| 10 | HZB/70 M/DT/13 |
| 11 | HZB/70 M/DT/14 |
| 12 | HZB/90 M/DT/16 |
| 13 | HZB/90 M/DT/17 |
| 14 | HZB/90 M/DT/18 |
| 15 | HZB/90 M/DT/20 |
| 16 | HZB/90 M/DT/23 |
| 17 | HZB/90 M/DT/24 |
| 18 | HZB/90 M/DT/25 |

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 319728 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D



### कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (द्वि–लिफाफा पद्धति)

अति अल्पकालीन ई– निविदा प्रसंग सं0– WRD/IMD/RANCHI / 18 / 2023–24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | कंशजोर जलाशय योजना के बॉंयी मुख्य नहर के विभिन्न चेन संख्या पर नये H/R, C/R एवं E/R गेटों के निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य । |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 2,34,38,522.00 (दो करोड़ चौंतीस लाख अड़तीस हजार पॉंच सौ बाईस) मात्र। |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 11 (ग्यारह माह)। |
| 4. | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 4,69,000.00 (चार लाख उनहत्तर हजार) मात्र। |
| 5. | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में) | रू0 10,000.00 (दस हजार) मात्र। |
| 6. | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 21.02.2024 (05:00 बजे अपराह्न) |
| 7. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 27.02.2024 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 8. | ई– निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.02.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 9. | ई– निविदा (वित्तीय बीड) खोलने की तिथि एवं समय | तकनीकी बीड निष्पादन के पश्चात् सक्षम पदाधिकारी के आदेषानुसार तिथि एवं समय की सूचना बाद में दी जायेगी। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची। |
| 11. | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 0651–2912296 |
| 12. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताएं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची ।

PR.NO.319568 Water Resource(23-24):D


# बलकूदरा खुली खदान में पीएसएम कंपनी को अपराधकर्मियों ने निशाना बनाते हुए तांडव मचाया







प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल बलकूदरा परियोजना के खुली खदान में अपराधकर्मियों ने तांडव मचाया। मिली जानकारी अनुसार बालकुदरा खुली खदान में बीते सप्ताह पहले टाटा कंपनी की 8 नई ट्रीपर गाड़ियां को बालकुद्र ओपन कास्ट कोयले के प्रोडक्शन को लेकर लाई गई थी। इन गाड़ियों का सर्विसिंग करने को लेकर टाटा कंपनी के कर्मचारी टाटा इंडिको से बलकुदरा पहुंचे हुए थे। जब ये कर्मी गाड़ी खड़ी कर ओपन कास्ट माइंस गए। थे तभी बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने खड़ी गाड़ी पर फायरिंग कर दी। जिससे गाड़ी का पिछला सीसा टूट गया हालांकि इस फायरिंग मे किसी की हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है वहीं सूचना पाते ही बासल थाना एवं भुरकुंडा ओपी पुलिस घटना स्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली पुलिस ने घटनास्थल से एक जिंदा गोली 7.2 एम एम एवं एक खाली खोखा भी बरामद किया है। अपराधी फायरिंग के बाद वह खदान से बाहर की ओर भागे बाइक में ? । सीसीटीवी कैमरे में देखने से भी कुछ नहीं मिला । पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर छानबीन चल रहा है।

## सयाल दक्षिणी में पेंशन शिविर का आयोजन कर 25 वृद्धो का फार्म भरा गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल दक्षिणी पंचायत भवन में मंगलवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे पेंशन योजना मुहिम के तहत 25 वृद्ध व्यक्तियों का फार्म भर पेंशन योजना से जोड़ा गया।इसी आलोक में सयाल दक्षिणी पंचायत में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया।वहीं इस शिविर में सयाल दक्षिणी पंचायत मुखिया जगदीश साव,पंसस विजय साव, पंचायत सचिव फिलोमिना टोप्पो,प्रज्ञा केंद्र संचालक अमित कुमार,बिलसी देवी,रीता देवी, बिरजू कुमार,बाल किशोर ठाकुर, बालमुकुंद ठाकुर, सुरेश यादव,सहाबीर मांझी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना के तहत मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को पीएम जन मन योजना के उद्देश्यों, योजना के तहत चिन्हित विभिन्न सूचकांकों एवं रामगढ़ जिले में पीवीटीजी से संबंधित ग्रामवार बेसलाइन सर्वे रिपोर्ट की जानकारी दी गई। मौके पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ पीएम जनमन योजना के तहत चिन्हित सूचकांकों के अंतर्गत पीवीटीजी समूह के परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समग्र शिक्षा अभियान, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत लाभान्वित करने को लेकर सबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में आपसी समन्वय के साथ कार्य कर पीवीटीजी समूह के लोगो को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने पीवीटीजी समूह के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ देने हेतु आवश्यकता अनुसार शिविर आयोजित करने को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।



## सर्वजन पेंशन योजना के तहत जिले के सभी पंचायतों में शुरू हुआ तीन दिवसीय शिविर

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्वजन पेंशन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 50 वर्ष की आयु से अधिक की महिलाओं एवं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों को पेंशन दिए जाने हेतु लिए गए निर्णय के आलोक में सभी योग्य लाभुकों को पेंशन के लाभ से लाभान्वित करने के उद्देश्य से रामगढ़ जिले के सभी पंचायतों में 20 फरवरी से 22 फरवरी तक तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शिविर के पहले दिन मंगलवार को जिले के सभी पंचायतों में शिविर आयोजित कर बड़ी संख्या में लाभुकों का आवेदन लिया गया। गौरतलब होकि सर्वजन पेंशन योजना के तहत अब 50 वर्ष की आयु से अधिक की महिलाएं एवं अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष पेंशन योजना का लाभ ले सकेंगे। इसी के मद्देनजर ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुको को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने के मद्देनजर 20 फरवरी से 22 फरवरी तक जिले के सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



## स्वदेशी जागरण मंच द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा छावनी फुटबॉल मैदान में लगाए गए स्वदेशी जागरण मंच द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस चित्रकला प्रदर्शनी का संचालन संस्कार भारती की संयोजका एवं संदर्श कला केंद्र के संचालिका प्रो पिंकी कुमारी ने किया। इस प्रतियोगिता में रामगढ़ के विभिन्न बी.एड. कॉलेजो के छात्र छात्राओ ने भाग लिया। प्रतियोगिता का थीम आजादी का अमृत महोत्सव था। इस प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा छात्र छात्राओ ने भाग लिया। निर्णायक मंडली के सदस्य व ए. वी.बी.पी. के सह मंत्री गौतम कुमार महतो, बागेश्वर प्रसाद गुप्ता एवं प्रो पिंकी कुमारी उपस्थित थी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, द्वितीय स्थान डॉ एस राधा कृष्णन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, तृतीय स्थान मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग ने किया। स्वदेशी मेला के संयोजक पंचम चौधरी, स्वदेशी मेला के संरक्षक प्रोज़ अलोक सिंह सह संयोजक मिथलेश मण्डल, सह संयोजक नेपाल महतो, कार्यालय प्रमुख प्रेम कुमार गुप्ता, कोषा अध्यक्ष वेणु गोपाल गोस्वामी, बागेश्वर प्रसाद गुप्ता पत्रिका प्रमुख माहेश्वर महतो और दर्शको ने सभी कलाकारों को खूब सराहा और बधाई दी।




### दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से महाप्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या: बीआर-एचक्यू-आरएनसी-24-25-07, दिनांक 19.2.2024।** **कार्य का विवरण:** रांची मंडल में जीर्ण हो चुके टॉप फ्लैंज प्लेट, पुल संख्या 156 अप, 378 डाउन के जीर्ण हो चुके हेड लॉस रिवेट्स की बदली, पुल संख्या 378 अप के जीर्ण हो चुके रिवेट्स की बदली, दरार पड़े मध्यवर्ती क्रॉस फ्रेम स्टीफ़ेनर्स की बदली तथा पुल संख्या 447 (12x12.2 एमजी) के गार्डरों में अतिरिक्त क्रॉस फ्रेम का प्रावधान तथा कई पुलों में इंस्पेक्शन लैडरों के प्रावधान के लिए कार्य के तहत शेष कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 93,25,310.48। **बयाना राशि:** ₹ 1,86,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.03.2024 को सुबह 11.30 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 8 (आठ) महीना। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1150)


## ग्रामीण क्षेत्र में सड़क का निर्माण होने से आम जनता को आवागमन में होगी सुविधा : विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा गोला प्रखंड के सुदूरवरती इलाका के अलग-अलग गांव में करोड़ों की लागत से लगभग 30 किलोमीटर लंबी सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य के लिए शिलान्यास किया गया, इस दौरान विधायक ने कई स्थलों का दौरा कर शीलापट का अनावरण एवं नारियल फोड़कर कार्य निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्माण किया जाएगा ग्राम सड़क सुधारीकरण योजना अंतर्गत ह्य23 से रजरप्पा रोड वाया तिरला तक 2-35 किमी सड़क बनाया जाएगा, कुस्टेगाढ़ा से भूभई तक 7 किलोमीटर सड़क निर्माण, लिपियां कोरंबे तक 7 किलोमीटर , घाघरा मोड़ से कोनार्डीह चौक तक 7-50 किलोमीटर, कुमरदगा में करमचंद महतो के घर से बोटा महतो के घर तक 2-37 किलोमीटर तक सड़क का निर्माण किया जाएगा, इसी तरह अलग-अलग स्थल में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, इस मौके पर रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि पिछले इन सभी ग्रामीण इलाका में सड़कों की स्थिति काफी दयनीय और जर्जर हो गई थी ग्रामीणों की मांग थी सड़क निर्माण करने की जिसे आज धरातल पर उतारने का काम किया गया है, सड़क बनने से सुदूर-इलाके के ग्रामीणों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिल सकेगी आगे उन्होंने बताया कि रामगढ़ में पिछले 20 वर्षो तक अभूतपूर्व पूर्व मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा अनगिनत विकास कार्य किए गए हैं जो पूरे देश में एक ऐतिहासिक विकसित जिला के रूप में रामगढ़ को जाना जाता हैं, रामगढ़ विधानसभा में जो भी अब तक विकास कार्य अधूरा है उसे सर्वांगीण विकास के पैमाने को धरातल पर उतरने का प्रयास किया जा रहा है इस मौके पर सड़क निर्माण कार्य करने वाले संवेदकों को गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है! इस मौके पर रामगढ़ जिला आजसू कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश महतो, आजसू पार्टी के वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रशेखर महतो, गोला पार्षद सरस्वती देवी, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, गोला पूर्व पार्षद, गोविंद मुंडा, कपिल मुंडा, अंगद महतो नित्यानंद महतो ममता सोनी बिंदेश्वर महतो अरुण कुमार दांगी दीपक मुंडा, गणेश महतो, विधु रजवार,अरुण दांगी, संजय महतो राजू कुशवाहा ललिता देवी राहुल कुशवाहा बबीता देवी कुंदन कुशवाहा सहित दर्जनों आजसू पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।




### कार्यालय नगर पंचायत, डोमचॉंच (कोडरमा)

आम सूचना

एतत् द्वारा नगर पंचायत, डोमचॉंच के गृहधारक जिन्हें 03 नोटिस निर्गत करने के बावजूद भी अपना धृतिकर/होल्डिंग टैक्स जमा नही किये है। उन्हें अंतिम निदेश दिया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर बकाया होल्डिंग टैक्स जमा कर दें, अन्यथा उनके विरूद्ध नगरपालिका अधिनियम की धारा 84 के तहत् अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचॉंच

PR 319629 Urban Development(23-24).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **22/2023-24/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **19.02.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा **DMFT** मद अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या | प्रखण्ड/ पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ RAMGARH/22/2023-24/ DMFT | गोला/ हेसापोड़ा | विकास बेदिया के घर के सामने केवट टोला से खैराजारा तक पथ का निर्माण। | 17195100.00 | 6 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 26.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **13.03.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 15.03.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. निविदाकारों के द्वारा Concrete Batchmix Plant/ Concrete Mini Batchmix Plant/ Concrete Mobile Mini Batchmix Plant के स्वामित्व से संबंधित कागजात जमा करना आवश्यक है।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 319658 Rural Work Department (23-24)_D



### झारखण्ड सरकार कारा निरीक्षणालय, उपकारा रामगढ़

अल्पकालिन ई–निविदा सूचना

eTender - HJ&DM/SJ-RAMGARH/Q-1/2024/180

1. कारा का नाम :– **उपकारा, रामगढ़।**
2. विषय :– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यानों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य सामग्रियों के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा अवधि दिनांक–01.01.2024 से 31.03.2024 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य:– (Non Refundable) Online स्वीकृत की जायेगी।
   (i) 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 2,500.00 (दो हजार पॉंच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 5,000.00 (पॉंच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. **Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि**–21.02.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 06.03.2024 के रात्रि 11:49 बजे तक।
5. **निविदा जमा करने की तिथि**–21.02.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 06.03.2024 के रात्रि 11:49 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) (प्रत्येक सामग्रियों का कम से कम 500 ग्राम) दिनांक–**21.02.2024** को पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक–**06.03.2024** के रात्रि 11:49 बजे तक कार्यावधि में उपकारा रामगढ़ के कार्यालय में जमा करना होगा।
7. **निविदा खुलने की तिथि / समय / स्थान–07.03.2024** को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा Website-jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उपकारा रामगढ़ के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित कर किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
काराधीक्षक
उपकारा रामगढ़।

PR 319562 (Home, Prison And Disaster Management) 23-24 (D)



### कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –13 / 2023–24

वित्तीय वर्ष 2022–23 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध/अनाबद्धनिधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 01, 02 एवं 03 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी मेंनिविदा की शर्त–1 के अनुसार निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापनदाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिशद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–28.02.2024(कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–29.02.2024 (अपराह्न 03:00बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–29.02.2024 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिशद् कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 86636038 | प्रखण्ड जयनगर अंतर्गत पंचायत कटिया के टोला लपसियाडीह में शंकर बिहारी के नया मकान के पास दुकान से सहदेव भदानी घर तक ढक्कन सहित पक्की नाली निर्माण | 440200.00 | 8900.00 | 750.00 | 03 माह |
| 02 | 86635306 | प्रखण्ड जयनगर अंतर्गत पंचायत डण्डाडीह के ग्राम लोहाडंडा में दुर्गा यादव घर से कारु सिंह के खेत तक नाली निर्माण | 750000.00 | 15000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 03 | 86634145 | जिला परिषद कोडरमा की परिसम्पति का निर्माण, सुदृढीकरण, उन्नयन एवं सौन्दर्यीकरण योजना के अन्तर्गत सतगावां बस स्टैण्ड मे चाहरदीवारी का निर्माणकार्य | 2423539.00 | 48500.00 | 5000.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.319559 Panchayati Raj(23-24):D

## तेज रफ्तार से आ रही बाइक दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को प्रखण्ड क्षेत्र के बरहमसिया -जोरासाख मुख्य मार्ग पर ग्राम दासोडीह के पास मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे चालक घायल हो गया । घायल युवक की पहचान हजारीबाग जिला के बरकट्ठा थाना के कटघरा निवासी 28 वर्षीय प्रदीप मल्हार पिता विजय मल्हार के रूप में हुई है । स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी भेजवाया जिसका उपचार डॉ पीके अग्रवाल ने किया । जानकारी के अनुसार युवक जोरासाख की ओर से आ रहा था । राहगीरों ने बताया कि युवक तेज रफ्तार से आ रहा था तथा कान में हेडफोन लगाया हुआ था । हेलमेट नही पहना था तथा घुमावदार होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया । वहीं युवक के बैग से बाइबल,सिंदूर व अन्य सामग्री पाया गया। जिससे तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है । लोगों का मानना है कि यह किन्ही का धर्मांतरण करवाने का काम करता है और वह उससे जुड़ा हुआ है ऐसा प्रतीत हो रहा है । उपस्थित लोगों ने कहा इस तरह के पुस्तक व अन्य वस्तुएं के बारे में जानकारी प्राप्त कर ऐसे लोगों पर पुलिस को कड़ी कार्रवाई करना चाहिए ताकि किसी का धर्मांतरण न करा सके । हालांकि घटना की सूचना पुलिस व घायल युवक के परिजन को दे दी गई । खबर लिखे जाने तक परिजन नही पहुँचे थे । वहीं इस संबन्ध में थाना प्रभारी मृतुन्जय सिंह ने कहा बाइबल मिलने की सूचना प्राप्त हुई है यदि धर्मांतरण के लिए कोई शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी ।

## टुंडी में सड़क दुघर्टना के शिकार परिजनों से मिलकर जनहित मोर्चा ने किया आर्थिक सहयोग



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी में दो-दो सड़क दुर्घटनाओं के शिकार हुए परिजनों से जनहित मोर्चा के संस्थापक माना पाठक ने अपने राजनीतिक सलाहकार सह निजी सचिव के द्वारा भेजकर आर्थिक सहयोग किया ।प्राप्त समाचार के अनुसार गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरियो मोड में स्कूटी एवं कार के बीच भीषण टक्कर होने से पश्चिमी टुंडी के चरक खुर्द निवासी एक ही परिवार के तीन लोगों के हृदय विधायक मौत हो गया था ।वहीं दूसरी घटना कोल्हर पंचायत के लकड़ाखुंधी निवासी आदित्य पांडे के पुत्र एवं पुत्र वधू किसी कार्यक्रम में शामिल होने बाघमारा जाने के क्रम में दुर्गा टॉकीज के पास मोटरसाइकिल से पुत्रवधू के गिरने से मौत हो गया था घटना की खबर मिलते ही जनहित मोर्चा के माना पाठक ने अपने निजी सचिव मुरारी सिंह के द्वारा दुर्घटना के शिकार हुए परिवारों के परिजनों को पांच पांच हजार रुपए का आर्थिक मदद किया एवं आगे भी मदद की बात कही ।मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के टुंडी प्रभारी मुस्ताक अंसारी, पार्वती चरण पांडे ,राजीव रंजन पांडे आजसू नेता मिथुन मंडल उपस्थित थे ।

## राम सीता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर महाभंडारा का आयोजन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भगत मोहल्ला स्थित श्री राम सीता हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर मंगलवार को महाभंडारा का आयोजन किया गया। महाभंडारा में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। महा भंडारा में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। पंडित भगवान शास्त्री एवं गुड्डू आचार्य के द्वारा श्री राम सीता एवं हनुमान जी का पूजन किया गया। मौके पर पूर्व पार्षद हरिप्रसाद अग्रवाल, सूर्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष किशोरी गुप्ता, उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, राजद के नगर अध्यक्ष विनय पासवान, रणधीर बर्मन, बबलू बर्मन, अशोक बर्मन, संजय भगत, नवदीप गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अजीत गुप्ता, रोहित कसेरा, रितेश गुप्ता, सोनी बर्मन, गौतम श्रीवास्तव, जितेंद्र केसरा, मनीष बर्मन, आदि के अलावा दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

## एनसीसी कैडेटों ने फाइलेरिया के उन्मूलन को लेकर निकाली जागरुकता रैली




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को 36 झारखंड बटालियन एनसीसी धनबाद के समावेशी पदाधिकारी सेना मंडल से कर्नल संजय कंडवाल द्वारा निर्देशित पीके राय मेमोरियल कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज एवं पी अकैडमी धनबाद के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा फाइलेरिया की दवा सभी को खाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा इसके बचाव के उपाय हेतु जागरूक लाने के लिए रैली निकाली गई। ये रैली कंबाइंड बिल्डिंग से शुरू होकर एस एस एल एन टी वूमेंस कॉलेज, रणधीर वर्मा चौक, सदर अस्पताल एवं कोर्ट मोड़ होते हुए पुनः कंबाइंड बिल्डिंग के पास से समापन हुआ।

## नवनियुक्त धनबाद थाना प्रभारी राजेश कुमार का हुआ स्वागत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय ओबीसी एससी एसटी एवं माइनॉरिटी जन जागरण मोर्चा ने धनबाद थाना के नवयुक्त थाना प्रभारी राजेश कुमार का स्वागत कर सम्मानित किया। मौके पर अधिवक्ता अमित भगत, गोपाल यादव, अधिवक्ता महेंद्र गोप, अधिवक्ता दिनेश प्रसाद केसरी, सुनील कुमार यादव, अरुण कुमार, मनोज कुमार, अधिवक्ता नियाजी, अधिवक्ता वाल्मीकि प्रसाद उपस्थित थे।

**सरिया : 3 करोड़ 60 लाख की लागत से बनेगा खेसकरी-गोविन्दपुर सड़क**

# विधायक ने किया शिलान्यास कहा क्षेत्र की विकास हमारी पहली प्राथमिकता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के खेसकरी-गोविन्दपुर सडक का निर्माण 3 करोड़ 60 लाख की लागत से किया जायेगा । इसका शिलान्यास मंगलवार को स्थानीय बिधायक विनोद कुमार सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि 3 करोड़ 60 लाख की लागत से बननेवाली इस सडक की लम्बाई लगभग साढे चार किलोमीटर है ,यह मुख्यमंत्री सडक योजना से बनाया जा रहा है। इसके बन जाने से खेसकरी, मोकामो, कैलाटाँड, कारीपहरी समेत आधे दर्जन से अधिक गाँव सीधे अपने नजदीक के रेलवे स्टेशन चिचाकी से जुड जायेंगे। साथ ही चिरुवाँशरीफ जानेवालों को भी एक वैकल्पिक मार्ग मिल जायेगा। इन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की विकास हमारी पहली प्राथमिकता है, क्षेत्र में सडक, पुल, पुलिया, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि के क्षेत्र में हमने विकास कार्यो को गति दी है । इन्होंने कहा कि पश्चिमी जोन के कोयरीडीह, पुरनीडीह, मोकामो, कैलाटाँड समेत आधे दर्जन पंचायतों के 20 से अधिक गाँव के बच्चों को इंटर की पढाई के लिए 10-12 किलोमीटर दूर सरिया, बगोदर जाना पडता है ,लेकिन हम प्रयासरत हैं शीघ्र ही इस क्षेत्र में +2 का स्कूल होगा और पढाई शुरु करवाई जायेगी। इन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता से हमें जो सहयोग मिल रहा है उसीके बलबूते हम लगातार कार्य कर रहें है। कार्यक्रम में जिप सदस्य लालमणि यादव, पूर्व जिप सदस्य मनोज पाण्डेय, मुखिया बेबी देवी,पंकज महतो, मनोज गुप्ता, बगोदर उपप्रमुख हरेंद्र सिंह, पंसस बसंती देवी, मनोज महतो, नागेश्वर सिंह, पूरन कुमार महतो, जिम्मी चौरसिया, कामेश्वर यादव,श्यामसुन्दर प्रसाद, नीलकंठ समेत अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# योजना स्वीकृत डिलीट होने और कमीशनखोरी के खिलाफ आठ सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिसरी(गिरिडीह) :** तिसरी में मनरेगा योजना के स्वीकृत लगभग दो सौ योजनाये को सोमवार को डिलीट कर देने ओर योजना में कमीशनखोरी के खिलाफ को लेकर मनरेगा मजदूर, मेठ और लाभुक एकजुट होकर तिसरी बीडीओ मनीष कुमार का विरोध में प्रदर्शन की। इसके पूर्व तिसरी अग्रवाला उच्च विद्यालय के पुराने भवन के प्रांगण में विभिन्न पंचायत से सैकडो मजदूर, मेठ और लाभुक ने बैठक कर बीडीओ की मनमानी पर आक्रोश व्यक्त की।बैठक के बाद बीडीओ हाय हाय,बीडीओ की मनमानी नही चलेगी, मजदूर एकता जिंदाबाद, बीडीओ मुर्दाबाद, कमीशन खोरी बंद करो आदि कई नारे लगाए गए। सभी जुलुश के शक्ल में नारेबाजी करते हुए मुख्यालय पहुंचा और मुख्यालय में बीडीओ थे जिसके कारण आठ सूत्री मांग पत्र ब्लॉक के कर्मी पुष्पा देवी को दिया गया। मौके पर उपेंद्र साव कपील यादव, सुरेश कुमार, उमेश यादव, प्रवीन यादव, अनिल शर्मा, चंदन कुमार, अजय यादव, कर्मवीर यादव, राजू कुमार, अजय यादव, दिनेश सोरेन, तालो सोरेन सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। जब इस मामले की जानकारी लेने के लिए बीडीओ मनीष कुमार को कॉल किया गया तो कॉल रिसीव नहीं किया गया

# महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा दानापुर स्टेशन का किया गया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज दानापुर स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया।

इस दौरान महाप्रबंधक ने प्लेटफार्म नंबर 1 पर स्थित प्रतीक्षालय, फुट ओवर ब्रिज, स्टेशन की साफ़-सफाई एवं उपलब्ध यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी भी उपस्थित थे ।

## हिल टॉप हाई राइज आउटसोर्सिंग का हुआ औचक निरीक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, राज्य कर पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पदाधिकारी सहित जिला खनन टास्क फोर्स की टीम के अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के गोंदुडीह में संचालित हिल टॉप हाई राइज आउटसोर्सिंग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है या नहीं, की जांच की। जांच में पाया गया कि हिल टॉप हाई राइज आउटसोर्सिंग में निर्देशों का अनुपालन नहीं हो रहा है। साथ ही कई अनियमितता भी उजागर हुई। जिसमें आउटसोर्सिंग में अलग अलग प्रवेश एवं निकास द्वार के स्थान पर एक ही द्वार पाया गया। वहीं ड्रेस के साथ सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे इत्यादि भी नहीं मिला। इसके अलावा जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में आउटसोर्सिंग परियोजना से निकलने पर एवं रेलवे साइडिंग तक पहुंचने पर, दोनों स्थानों पर लोड कोयले का वजन करने का निर्देश दिया गया था। जिसका पालन हिल टॉप हाई राइज में नहीं किया जा रहा था। टीम ने आउटसोर्सिंग कंपनी में प्रयोग करने वाले वाहनों की जांच की। इस क्रम में 6 वाहनों में फिटनेस, इंश्योरेंस सहित मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों का उल्लंघन पाया गया।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI

Very Short e-procurement Notice

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/12/2023-24 Date :- 12.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Construction of DAL-cum-SATTU and BESAN Processing Unit at PALAMU, Jharkhand. |
| 02. | Estimated Value of work (IN Rs) | 90,19,900.00 |
| 03. | Earnest Money (IN Rs) | 1,80,500.00 |
| 04. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 05. | Time of Completion | 06 Months |
| 06. | Date Of Publication of on Website | 23.02.2024 AT 11:00 AM |
| 07. | Last Date & Time of Submission of bids | 01.03.2024 Up to 05:00 PM |
| 08. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer ICDP Cell, Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More Hatia, Ranchi. 834003 |
| 09. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 23.02.2024 at 11:00 AM to 01.02.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 01.03.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 02.03.2024
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 319717 (Co-opretive) 23-24 (D)

कार्यलिय जिला परिषद, गुमला

बन्दोबस्ती हेतु अति अल्पकालीन आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये सिसई प्रखण्ड अन्तर्गत सैरात (सिसई बाजार टांड़ मेला) की बन्दोबस्ती हेतु दिनांक 29.02.2024को जिला परिषद, गुमला के कार्यालय परिसर पर अपराह्न 2:00 बजे से डाक बोली लगायी जायेगी जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्रम | सैरात का नाम | न्यूनतम डाकबोली | जमानत की राशि | आवेदन प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रखण्ड सिसई अन्तर्गत सैरात (सिसई बाजार टांड मेला) | 17,31,000.00 (सतरह लाख एकतीस हजार मात्र) | 1,73,100.00 (एक लाख तिहतर हजार एक सौ मात्र) | 1750.00 (एक हजार सात सौ पचास रू0 मात्र) |

उक्त डाकबोली में भाग लेने हेतु नियम एवं शर्त्तें कार्यालय जिला परिषद, गुमला के सूचना पट्ट एवं गुमला जिले के वेबसाईट (gumla.nic.in) पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त –सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला

PR 319678 Rural Development(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
(E-mail ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com)

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना सं०– 31 वर्ष 2023-24

प्रथम आमंत्रण

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पूर्व, राँची।
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :–23-02-2024 को 4:00 बजे अपराहन् तक।
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29-02-2024 को 04:00 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02-03-2024 को 04:00 बजे अपराहन् तक।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पूर्व, राँची।
7. कार्य का नाम :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची अन्तर्गत विभिन्न प्रमंडलों यथा राँची पूर्व, राँची में चापाकलों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य हेतु यथा आवष्यक 125x115 मि०मि० व्यास के हैण्ड पम्प I.M.-II & I.M.-III (65 मि०मि० एवं 50 मि०मि०) के लिए अद्यतन संषोधित आई०एस०–15500 (पार्ट–1-7)/2004 के अनुसार Spare Part की आपूर्ति वर्ष 2023-24 | | | | | 01 (एक) माह |
| | D.W.& S. Division Ranchi East | SPRE | 45.00 | 90000.00 | 5000 | |

• निविदा के नियम एवं शर्ते आदि झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(राजेश रंजन)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।

PR 319691 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी
डाकबंगला रोड, खूँटी, पिन नं0: 835210
ई–मेल: eercdkhunti-jhr@nic.in

पत्रांक : 213 दिनांक: 20/02/2024

पुनः अति अल्पकालीन Quotation (उद्धरण) आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 5542(S) दिनांक 11.12.2023 के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी के अन्तर्गत चल रहे कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु मासिक किराये पर बोलेरो नियो (Bolero Neo) या समकक्ष 01 अद्द की आपूर्ति हेतु दिनांक **28.02.2024** के अपराह्न 3.00 बजे तक दर हेतु Quotation (उद्धरण) मुहरबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, जो दिनांक **28.02.2024** को ही अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता / उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति / अनुपस्थिति में खोला जायेगा।
उद्धरणकर्त्ता द्वारा उद्धृत दर वाहन चालक एवं सभी कर सहित होगा।
उद्धरण की शर्ते कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, खूँटी

PR 319739 Road(23-24).D

जिला स्तरीय कार्यालय
झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़, रामगढ़ कैंट
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं०/फैक्स नं० – 06553–231133,

विज्ञापन

रामगढ़ जिला अंतर्गत 03 उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु सूचना

रामगढ़ जिला अंतर्गत 03 उत्कृष्ट विद्यालयों में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) के तहत् शैक्षणिक सत्र 2024–25 में विभिन्न कक्षाओं में नामांकन लिया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| क्र० सं० | विद्यालय का नाम | वेबसाइट | कक्षा | नामांकन हेतु उपलब्ध सीट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Gandhi Memorial District CM School of Excellence, Ramgarh | www.gandhimemorialdcmramgarh.in | 6 | 80 |
| | | | 11 (Science) | 240 |
| | | | 11 (Commerce) | 120 |
| | | | 11 (Arts) | 420 |
| 2 | CM School of Excellence Girls, Ramgarh Cantt. Ramgarh. | www.cmsoegirlsramgarh.in | 9 | 80 |
| | | | 11 (Arts) | 180 |
| 3 | KGBV CM School of Excellence Kaitha, Ramgarh | www.kgbvcmsoeramgarh.in | 6 | 25 |

शर्तें:–
1. नामांकन हेतु विस्तृत विवरणी एवं आवेदन प्रपत्र रामगढ़ जिला के आधिकारिक वेबसाईट– **www.ramgarh.nic.in** से एवं संबंधित विद्यालय के वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।
2. आवेदन प्रपत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि 04.03.2024 के अपराहन 05:00 बजे तक है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. इच्छुक अभ्यार्थी दिनांक–20.02.2024 से संबंधित विद्यालय/वेबसाइट से प्राप्त कर दिनांक–20.02.2024 से 04.03.2024 तक नामांकन फार्म डाउनलोड कर संबंधित विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।
4. आवेदन प्रपत्र के ऊपर आवश्यक रूप से आवेदित विद्यालय का नाम तथ कक्षा अंकित करेंगे।
5. नामांकन हेतु चयन प्रक्रिया जिला चयन समिति द्वारा निर्धारित की जायेगी।
6. नामांकन में जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का पालन किया जायेगा।
7. नामांकन से संबंधित प्रक्रिया में संशोधन से संबंधित अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित होगा एवं जिला चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान रामगढ़।

PR.NO.319724 District(23-24):D

# कुडु टाकू मध्य विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं ने लिया भाग




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा :** राजकीय मध्य विद्यालय टाकू कुडु में 20 फरवरी मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 के छात्राओं ने अपने मॉडल के साथ प्रदर्शनी उपस्थिति में उपस्थित हुए।निर्णायक मंडली द्वारा सभी मॉडल का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया गया। मॉडल से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न भी पूछे गए तत्पश्चात निर्णायक मंडली ने दोनों समूहों के लिए परिणाम जारी किए। कक्षा 9 से 12 में केजीबीवी कुडू की छात्रा साक्षी भगत एंड ग्रुप प्रथम, गांधी मेमोरियल हाई स्कूल माराडीह की छात्रा श्रुति प्रिया कुमारी एंड ग्रुप द्वितीय और उत्क्रमित उच्च विद्यालय चिरी की छात्रा प्रतिमा कुमारी एंड ग्रुप तृतीय स्थान प्राप्त की। वर्ग 6 से 8 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय चिरी की छात्रा ममता कुमारी एंड ग्रुप प्रथम, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय कैरो की छात्रा शारदा कुमारी एंड ग्रुप द्वितीय मध्य विद्यालय ककरगढ़ के छात्र सुरभिल बैठा एंड ग्रुप तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। इस विज्ञान प्रदर्शनी में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जय मंगल लोहार, बीपीओ प्रवेश शाह बीआरपी संतोष कुमार सुशील कुमार विजय प्रकाश सरफराज अहमद संजीव कुमार अमृतलाल बनवारी अमृतलाल रशीदा खातून मीना कुमारी एमडीएम सेल प्रभारी गौतम यादव रिसोर्स शिक्षक पवन कुमार रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी, शिक्षक विजय कुमार, ज्याउल हक अंसारी, रेणु तिग्गा, प्रशांत मुंडा, सरोज कुमार दुबे, सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।


## केंद्र सरकार ने पावर का गलत उपयोग कर हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फसाया : सुखदेव उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड के गजनी पंचायत में झामुमो जिला अध्यक्ष मो मोज़म्मिल के निर्देशानुसार जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी व जेएमएम कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में झामुमो कार्यकर्ताओ के द्वारा मंगलवार को प्रखण्ड सचिव धनपत उरांव की अगुवाई में न्याय पदयात्रा निकाला गया। न्याय पदयात्रा गजनी पंचायत भवन के सामने से सुरु होकर विभिन्न गली मुहल्लों से होकर जे एम एम जिंदाबाद, चंपई सोरेन जिंदाबाद, हेमन्त सोरेन जिंदाबाद, जेल का ताला टूटेगा हेमन्त सोरेन छूटेगा आदि नारा लगाते हुए बी जे पी सरकार के गलत रवैये को बतलाया। मौके पर कैरो जिला परिषद सदस्य सह जे एम एम नेता सुखदेव उरांव कहा कि केंद्र की भा ज पा सरकार अपने पावर का गलत इस्तेमाल करते हुए झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन को षड्यंत्र के तहत झूठे केस मुकदमा में फंसाया गया और जेल भेजने का काम किया है जिससे झारखण्ड की जनता काफी दुखी है क्योंकि एक आदिवासी नेता को जानबूझकर प्रताड़ित किया गया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, प्रखण्ड सचिव धनपत उरांव, समीरुदीन अंसारी, चन्द्रदेव उरांव, रजमुदिन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## भारतीय भाषा कार्य चिंतन कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ की सहभागिता हेतु दिया गया प्रमाण पत्र



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में भारतीय भाषा कार्य चिंतन कार्यशाला में दिनांक 17 एवं 18 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान परिसर नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिए थे। इस दो दिवसीय चिंतन कार्यशाला में विविध आठ संगठनों के कुल 78 विद्वत जन कुलाधिपति प्रोफेसर एवं अन्य शैक्षिक संगठनों के लोग सहभागिता स्थापित किया। किस प्रकार से भारत में भारतीय भाषाओं का प्रचार प्रसार किया जाए इस बिंदु पर विधिवत चर्चा परी चर्चा की गई तथा संपूर्ण राष्ट्र में भारतीय भाषाओं में पाठ्यक्रम का निर्माण किस प्रकार हो जिससे अपने राष्ट्र को विश्व में परम पद प्राप्त हो सके इस विषय पर चिंतन मंथन किया गया। इस अवसर पर भारतीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा बाद में भी इस पर कार्य करने हेतु एक योजना प्रधानाचार्य जी को दी गई। जिसका संचालन पूरे झारखंड प्रांत में किस प्रकार किया जाए ऐसा आग्रह भी किया गया। इस उपलब्धि से संपूर्ण विद्यालय परिवार आनंदित है तथा प्रधानाचार्य जी को विद्यालय के आचार्य तथा प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य गण बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## खेल से शाररिक मानसिक व बौद्धिक विकास होता है : संतोष कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** क्षेत्र के राहत नगर के मोहल्ला में रॉक क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट द्वारा दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। आयोजित टूर्नामेन्ट का उद्घाटन मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी संतोष कुमार द्वारा किया गया। वरिष्ठ अतिथि के रूप में समाज सेवी आदित्य कुमार साहू और समाज सेवी फिरोज अंसारी भी उपस्थित थे। वही संतोष कुमार ने आयोजन कमिटी और खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रॉक क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट द्वारा दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है। खेल से शाररिक,मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। आज के समय मे गांव से लेकर शहर तक के बच्चे बच्चियां खेल के क्षेत्र में सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही कहा कि हार जीत खेल का पहलू है जिसे रुचि के अनुसार खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में निरन्तर अभ्यास करें तो सफलता अवश्य ही मिलेगा। वही समाज सेवी आदित्य कुमार साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का खेल प्रतिभा को निखारने के लिये क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जो आगामी दो दिनों तक चलेगा।साथ ही बताया कि खेल को बढ़ावा देने के लिये आने वाले समय में प्रखंड व जिला के सभी पंचायत में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की युवक युवती भी खेल में शानदार प्रदर्शन कर गांव, पंचायत, प्रखंड, जिला, राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक खेल मे कामयाबी हासिल करेंगे। वही प्रतियोगिता का पहला मैच पावर गंज और राहत नगर के बीच खेल गया जिसमें पावरगंज विजेता हुई। मौके पर आयोजन कमिटी के अध्यक्ष अवेस राजा, मोहम्मद शमीम, फैजान राजा शमशाद अंसारी, सज्जाद आलम, इमरोज़, गौसुल, गुलजार, इमरान सहित अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## जय श्री राम समिति द्वारा मनाई गई छत्रपति शिवाजी की जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जय श्री राम समिति के द्वारा लोहरदगा जिले के कूडू प्रखंड स्थित रुद्र चौक में छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई गई जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर शिवाजी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा ली। इससे पूर्व कुडू प्रखंड के पंडरा, माराडीह एवं बरवा टोली मेन रोड होते हुए छत्रपति शिवाजी के स्मारक में माल्यार्पण कर जयंती मनाई। जिला संचालन समिति सदस्य व नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा आज से 350 वर्ष पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज का राजा अभिषेक हुआ था उसमें स्वराज की ललकार और राष्ट्रीयता की जय जयकार समाई थी। उन्होंने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा आज भी उनके विचारों का अनुसरण किया जाता है सैकड़ो वर्षो की गुलामी और आक्रांताओं ने देशवासियों का आत्मविश्वास छीन लिया था ऐसे समय में लोगों में विश्वास जगाना बहुत ही कठिन था परंतु छत्रपति शिवाजी महाराज ने आक्रांताओं से डटकर मुकाबला किया और लोगों में एक विश्वास पैदा किया कि स्वयं का राज संभव है। उन्होंने गुलामी की मानसिकता को खत्म कर राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया ऐसे वीर छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों को प्रणाम करता हूं। मौके पर जय श्रीराम समिति के पंडरा अध्यक्ष पवन साहू, माराडिह अध्यक्ष सूरज भारती, जिमा अध्यक्ष अक्षय कुमार मुख्य सहयोगी-ऋतिक पाठक और नितेश साहू, उमेश यादव, अक्षय कुमार, नीरज बैठा, शाहदेव साय, शशिकांत साहू, आनंद, सचिन, बिट्टू, उदय, अभिषेक, विकास, हर्ष, सुजल, करण, प्रेम, लोकेश समेत काफी संख्या में सदस्यगण शामिल हुए।

## लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीट कार्यक्रम को बेहतर बनाने को लेकर की हुई बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत स्वीप कार्यक्रमों के बेहतर आयोजन हेतु बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी सदस्यों को स्वीप कैलेण्डर अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़-नाटक, दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रखण्ड स्तर पर पीटीजी ग्रुप के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम, चुनाव पाठशाला, आंगनवाड़ी केंद्रों में मतदाता जागरूकता, खेल संबंधी प्रतियोगिताएं, रैलियां, मानव श्रृंखला, पोस्टर मेकिंग समेत अन्य कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा की और इसे सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह,डीपीएम जेएसएलपीएस अनीता केरकेट्टा, डीपीएम एनएचएम, पीपीआईए फेलो समेत अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत सचिव व स्वयं सेवक पर प्रधानमंत्री आवास का पैसा को बंदरबांट करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम निवासी अवधेश बैठा का पुत्र शंकर रजक का प्रधानमंत्री आवास योजना का राशि को पंचायत सचिव और स्वयं सेवकों द्वारा मिली भगत कर प्रधानमंत्री आवास निर्माण का पैसा को बंदरबांट करने का आरोप नारायण लोहार, आशा देवी, रेणु देवी, सुरेश साहु, गुसेश्वर तुरी, प्रकाश बाखला, प्रेमदानी बाखला, सुमन देवी, गायत्री कुमारी, संतोष उराँव सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा लगाया गया है। वही ग्रामीणों का कहना है की पंचायत सचिव मेहरानी टोप्पो तथा पंचायत स्वयं सेवक विजय बैठा व मान्ती कुमारी द्वारा दूसरे घर को पूर्ण दिखा कर शंकर रजक का अर्ध निर्मित मकान को कागजी प्रक्रिया अनुसार पूर्ण दिखाते हुए राशि का बंदरबांट कर लिया गाया गया। जिसे ग्रामीणो का कहना है की शंकर रजक का प्रधानमंत्री आवास पूर्ण नही हो सका है। पंचायत सचिव और पंचायत स्वयं सेवकों द्वारा राशि का बंदरबांट कर लेने से शंकर रजक का आवास अपूर्ण है। राशि का बंदरबांट कर लेने से शंकर रजक को आवास बनाने में काफी परेशानी हो रही है। जिसे शंकर रजक व ग्रामीणों द्वारा जिप सदस्य और प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा को लिखित आवेदन देते हुए जाँच कर करवाई कर न्याय का गुहार लगाया गया है।

## जय श्री राम समिति ने गरीब पीड़ित मरीज को दिया एक यूनिट ब्लड



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** एक बार फिर जय श्री राम समिति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए एक गरीब पीड़ित मरीज को ब्लड दिया गया। जानकारी स्वरूप सदर प्रखंड के ग्राम हेसल निवासी बुद्धदेव उरांव का पुत्र 20 वर्ष प्रदीप उरांव सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बता तुरंत ब्लड का इंतजाम करने को कहा गया नहीं होने की स्थिति में बार-बार रांची रेफर करने की बात कही गई। इस स्थिति को देखते हुए परिवार के लोग काफी परेशान थे जिसकी सूचना जय श्री राम समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू को हुई और तुरंत पहल करते हुए समिति सदस्य अनूप कुमार के द्वारा एक यूनिट ब्लड देकर उक्त पीड़ित मरीज की जान बचाई। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा ब्लड के वजह से किसी की जान ना जाए यह समिति का हमेशा से प्रयास रहा है और आगे भी रहेगा। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, सुनील अग्रवाल, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, मन्हो उपाध्यक्ष आकाश राम, रामानंद सिंह, अविनाश उरांव, विक्रम सिंह, नीरज राम, अमित उरांव, राहुल उरांव, लड्डू कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# झामुमो ने जलडेगा में पूर्व मुख्यमंत्री के गिरफ्तारी के विरुद्ध निकाला पदयात्रा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जलडेगा में झारखंड के लोकप्रिय नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा षडयंत्र पूर्वक कार्रवाई के विरोध में झामुमो सिमडेगा ने झामुमो केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार 20 फरवरी 2024 को जलडेगा प्रखंड के कोनमेरला पंचायत, टिनगीना पंचायत और लोंबोई पंचायत में पदयात्रा कर न्याय मार्च निकाला। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कन्डुलना ने कहा की झारखंड राज्य एवं देश की वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य बहुत ही गंभीर है उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के लोकप्रिय माननीय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को केंद्र की सरकार द्वारा झारखंड प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री को केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए बेवजह प्रताड़ित कर रही है।मुख्य वजह भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के सामने पूर्व मुख्यमंत्री का न झुकना, उसका विरोध करना एवं प्रदेश के चहुंमुखी विकास के एजेंडा को लागू करने का ईमानदार प्रयास भारतीय जनता पार्टी को नहीं पच रहा है। जीप सदस्य श्रीमती शांता रोसालिया कन्डुलना ने कहा देश के अन्य प्रदेशों में भी जहां भारतीय जनता पार्टी या भाजपा समर्थित पार्टियों की सरकार नहीं है वहां विधायकों की खरीद-फरोख्त, ईडी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आदि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग आदि तमाम हथकंडे अपना कर डरा धमका कर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने एवं गिराने का प्रयास कर रही है।झामुमो केंद्रीय सदस्य मो शहीद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की असंवैधानिक गिरफ्तारी,केंद्र सरकार के तानाशाही रवैये के फल स्वरूप ईडी सीबीआई करके हमारे माननीय पूर्व मुख्यमंत्री आदिवासी नेता हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसाया गया है।आदिवासी नेता होने के कारण उन्हें हर तरीके से परेशान किया गया है द्य केंद्र की भाजपा सरकार यह नहीं चाहती है कि यहां क्षेत्रीय पार्टी की सरकार बनें कोई आदिवासी नेता यहां मुख्यमंत्री बने। जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख जुसाब लुगुन ने कहा झामुमो सिमडेगा ने निर्णय लिया है कि माननीय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के गिरफ्त से बाहर आने तक आम जनों के बीच हम जागरूकता फैलाते रहेंगे । किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील सुरीन ने कहा कि हेमंत सोरेन जी के गिरफ्त से बाहर आने तक हम जिले के हर पंचायत स्तर पर पदयात्राओं की श्रृंखला बनाकर न्याय मार्च निकालेंगे। न्याय मार्च में झारखंड सरकार की नीतियों का प्रचार प्रसार करते हुए आदिवासी पूर्व मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन जी को जेल की गिरफ्त से बाहर लाने हेतु जन समर्थन प्राप्त किया जाएगा।

## भंडरा पंचायत में डीवीटी के माध्यम से मजदूरी भुगतान करने के उद्देश्य से शिविर का हुआ आयोजन



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत आकाशी, उदरंगी व भंडरा पंचायत में डीवीटी के माध्यम से मजदूरी भुगतान करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मनरेगा श्रमिकों का इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा मनरेगा जॉब कार्डधारकों का खाता खोला गया। साथ ही जॉब कार्ड में आधार सीडिंग का कार्य किया गया। मौके पर भंडरा पंचायत सचिव तिवारी भगत ने कहा कि मनरेगा श्रमिकों के खाता में अब मजदूरी की राशि डीवीटी के माध्यम से भेजा जाएगा। मनरेगा की राशि पहुंचने में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हो। इसी उद्देश्य से सभी मनरेगा जॉब कार्डधारियों का खाता इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक में खोला जा रहा है। साथ ही जॉब कार्ड में जो भी त्रुटि है। उससे तत्काल सुधार किया जा रहा है। 21 फरवरी को भंडरा प्रखंड के भीठा, बड़ागाई, जमगाई तथा 22 फरवरी को भौंरो, मसमानो व गडरपो पंचायत में शिविर के माध्यम से मनरेगा श्रमिकों का खाता खोला जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक श्रमिक पहुंचेंगे।

## आदिवासी समुदाय को अपनी अस्मिता को बचाने के लिए अपनी भाषा, संस्कृति परंपरा की रक्षा करने की जरूरत है : नमन बिक्सल कोंगाड़ी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत परबा पंचायत के ढेंगुरपानी जामपानी टोली में मुंडा समाज के द्वारा पत्थलगाड़ी समारोह का आयोजन बहुत ही धुमधाम के साथ किया गया। इस पत्थलगाड़ी कार्यक्रम में कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के बिधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। आयोजन समिति और उपस्थित लोगों के द्वारा बिधायक का स्वागत किया गया तत्पश्चात पत्थलगाड़ी कार्यक्रम की सम्पूर्ण विधि को मुंडा राजाओं के द्वारा किया गया।विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का मैं विशेष आभार प्रकट करता हूँ और धन्यवाद देता हूँ कि आपके आमंत्रण की वजह से आज मैं इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ हूँ।क्योंकि हमारे मुंडा समाज की एक विशेष पहचान है पत्थलगाड़ी। विधायक ने सभी आदिवासी समुदाय को जागरूक होने का आग्रह करते हुए कहा कि आज के बदलते परिवेश में आदिवासी समाज को अपनी अस्मिता को बचाने के लिए अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा की रक्षा करने की जरूरत है तथा इस परम्परा को आने वाली पीढ़ी को देने की जरूरत है ताकि हम आदिवासी अपने बहुमूल्य परम्परा को बचा सकें।पत्थलगाड़ी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पत्थलगाड़ी उन पत्थर स्मारकों को कहा जाता है जिसकी शुरुआत इंसानी समाज ने हजारों साल पहले की थी। यह एक पाषाणकालीन परंपरा है जो आदिवासियों में आज भी प्रचलित है।माना जाता है कि मृतकों की याद संजोने, खगोल विज्ञान को समझने, कबीलों के अधिकार क्षेत्रों के सीमांकन को दर्शाने, बसाहटों की सूचना देने, सामूहिक मान्यताओं को सार्वजनिक करने आदि उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रागैतिहासिक मानव समाज ने पत्थर स्मारकों की रचना की। पत्थलगाड़ी की इस आदिवासी परंपरा को पुरातात्त्विक कहा जाता है। भुमिज और मुंडा समुदाय के अनुसार पत्थलगाड़ी के कई प्रकार होते हैं।पत्थलगाड़ी के माध्यम से मुंडा समुदाय अपने इतिहास अपनी संघर्ष, अपनी जीत और अपनी संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी तक पत्थलगाड़ी के माध्यम से पहुंचाया जाता है पत्थलगाड़ी 12 प्रकार के होते है होरा दिरी, गंडू दिरी, सिमान दिरी, अखड़ा दिरी, बोः दिरी, ससन दिरी, ओर लदी ससन, रचा दिरी, अदिंग दिरी, मांगो दिरी, सिलट दिरी, जुनुल दिरी, और सभी पत्थलगाड़ी का अपना अलग अलग महत्व है।

# तोड़ार ग्राम स्थित महावीर मन्दिर में 24 घण्टे का अखंड हरिकृतन हुआ आयोजीत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में देवी मंडप के समीप स्थित महाबीर मन्दिर में माघ शुक्लपक्ष एकादशी के अवसर पर मंगलवार से 24 घण्टे का अंखड हरिकृतन का आयोजन ग्राम वासियों द्वारा किया गया है। जिसमें बरही, सेरेंगहातु, ईटा, हेसवे, चौकनी, आरेया, बाजार डाँडु, डोका, चन्दवा गढ़गाँव सहित प्रखंड क्षेत्र के अगल बगल से कृतन मंडली टीम के भक्तजन शामिल हुए हैं। तोड़ार ग्राम में हनुमान जी का दो मन्दिर स्थापित हैं। जिसे की दोनों मन्दिर में प्रत्येक वर्ष बारी बारी से लगभग 22 वर्षो से ग्रमीण महिला पुरुष भक्तजनों द्वारा अखंड हरिकृतन कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिसे कार्यक्रम में प्रखंड व जिला सहित विभिन्न जगहों से कृतन मंडली को आमंत्रित कर बुलाया गया है। जिसे प्रत्येक वर्ष अंखड हरिकृतन कार्यक्रम में श्रद्धा के साथ शामिल हो भक्तजन आस्था व भक्ति का परिचय देते हैं। मौके पर अजय साहु, शरद यादव, रणजीत यादव, विजय साहु, आनन्द साहु, बृजमोहन साहु, सतीश यादव,राजेश यादव, महाबीर साहु, अजय भगत सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्तजन उपस्थित थे।

## स्वास्थ उप केन्द्र भवन के विकास कार्यों में विभाग और संवेदक द्वारा सरकारी पैसों का किया जा रहा है बंदरबांट : विधायक प्रतिनिधि मो. कारु



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड में चल रहे राजाबासा सेमरकूदार और रायबहार स्वस्थ उप केन्द्र भवन का विकास कार्यों में विभाग और संवेदक का द्वारा सरकारी पैसों का बंदरबाट किया जा रहा है। पिछले 2 दिन पहले भी न्यूज़ के माध्यम से खबर आया था परंतु विभाग नींद में सोया हुआ है और संवेदक के द्वारा अपने ही अंदाज में जैसे तैसे काम किया जा रहा है। विशेष प्रमंडल विभाग के जेई एसडीओ और एक्सक्यूटिव को फोन के माध्यम से काम की जानकारी देने पर भी काम सही से नही किया जा रहा है, इसमें भी सवाल खड़ा हो रहा है कि कही दोनो का मिली भगत तो नही है। प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा कि आम जानता के हित के लिए बन रहा स्वस्थ उप केन्द्र में घोर अनियमितता बरती जा रही है अगर इस तरह का कार्य होगा तो यह नया भवन महज दो या तीन सालों में जर्जर होकर टूटने लगेगा। इसमें गटिया प्रकार के सामग्री का प्रयोग किया गया है जिसका सबूत मेरे पास है अगर विभाग इस पर जल्द से जल्द करवाई नही करता है तो विभाग के खिलाफ धरना दिया जाएगा साथ ही साथ इसकी जानकारी चीफ सेक्रेटरी तक पहुंचाई जाएगी और इसका उच्चस्तरीय जांच कराया जाएगा।

## चलते चलते एक नजर

### सीएम से मिला बीआरपी-सीआरपी महासंघ



**रांची (प्रभात मंत्र संववाददाता):** बीआरपी सीआरपी महासंघ झारखंड प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बीआरपी सीआरपी के नियमावली एवं मानदेय वृद्धि संबंधित गठित कमेटी एवं संचिका के वर्तमान स्थिति के बारे में पूर्ण जानकारी देते हुए इसे अबिलम्ब कैबिनेट से पास करवाने हेतु अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आस्वस्त किया कि शीघ्र ही इस संबंध में अधिकारियों से संचिका के बारे में पूर्ण जानकारी ली जाएगी एवं इसे कैबिनेट में ले जाने हेतु सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय कमेटी के पंकज शुक्ला, विनय हालदार, अमर खत्री, अशोक पाल, जितेंद्र सिंह, सरायकेला जिला सचिव श्रीनिवास सतपथी, कोषाध्यक्ष बसंत महतो, सुजाता एवं यशोदा शामिल थे।

### सीएम धामी समेत उत्तराखण्ड सरकार ने अयोध्या में राम लाल के किए दर्शन

**अयोध्या :** उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी कैबिनेट के सहयोगियों के साथ मंगलवार को श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला के दर्शन किए। सभी लोग इस दौरान बेहद उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मंत्रिमंडल के सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, डॉ धन सिंह रावत, श्रीमती रेखा आर्य एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री धामी और उनके सहयोगियों का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। यहां से वह राम जन्मभूमि के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री एवं उनके सहयोगी अयोध्या धाम में प्रभु राम को नमन कर पूजा अर्चना की।दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री धामी भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री रामलला के दर्शन से रोम-रोम भक्तिमय और मन प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि रामलला को कई वर्षों तक टेंट में रहना पड़ा। आज भव्य मंदिर में रामलाला के दर्शन किए। मैं भाव विह्वल हूं और प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हूं। धामी ने कहा कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में उत्तराखंड वासियों के लिए उत्तराखंड सरकार राज्य अतिथि गृह बनाने की तैयारी कर चुकी है। 4700 वर्ग मीटर में बनने वाले इस राज्य अतिथि गृह को बनाने के लिए हमारी सरकार ने भूमि की खरीद को लेकर 32 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

### आदिवासी कल्याण आयुक्त ने आरोहन कार्यक्रम की शुरुआत की

# अध्यनरत विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास आरोहन का लक्ष्य : अजय नाथ झा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने झारखण्ड के सभी आश्रम आवासीय विद्यालयों में भावनात्मक समुत्थान आधारित कार्यक्रम आरोहन की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, मोराबादी में आज झारखंड के सभी आश्रम विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों का उन्मुखीकरण सेशन आयोजित किया गया। आरोहन कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र एवं छात्राएँ अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने, अपने आतंरिक गुणों एवं क्षमताओं को पहचानने तथा अपने जीवन को उन्नति के मार्ग पर ले जाने का कौशल सीखेंगे। आरोहन कार्यक्रम के उद्देश्य पर जोर देते हुए आदिवासी कल्याण आयुक्त ने कहा कि विद्यालयों का कार्य केवल साक्षरता को बढ़ावा देना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को पूर्ण रूप से शिक्षित करना है। विद्यार्थियों को हर तरह की परिस्थिति में भी निरंतर आगे बढ़ते और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए तैयार करना है। बच्चों का सर्वांगीण विकास ही



कार्यक्रम का लक्ष्य होना चाहिए।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण:** वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की कंट्री डायरेक्टर नंदिता भाटला ने बताया कि शिक्षा नीति, 2020 में उल्लेखित बच्चों के समग्र विकास और शिक्षा को सशक्त करने में यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आरोहन कार्यक्रम एक वैज्ञानिक शोध पर आधारित कार्यक्रम है जिसमें भावनात्मक समुत्थान एवं किशोर स्वास्थ्य के अंतर्गत किशोर एवं किशोरियों को चारित्रिक गुण, भावनाओं की समझ एवं उसका कुशल प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, रिश्ते एवं सामाजिक कौशल, समस्या समाधान, जेंडर तथा किशोरी स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे किशोर एवं किशोरियाँ जीवन में आने वाली चुनौतियों व तनाव का सामना सफलतापूर्वक कर सके ।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय के उप निदेशक श्री धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं उप निदेशक मुमताज अली अहमद उपस्थित रहे। इसके अलावा नागर समाज के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के क्रियान्वयन की रूप रेखा की विस्तृत जानकारी वर्ल्डबीइंग के प्रतिनिधि सुश्री नैंसी प्रिया एवं श्री हरी शंकर सिंह ने दी। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम का समापन वर्ल्डबीइंग इंडिया के राज्य प्रमुख श्री बिनोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए किया।

## राज्यपाल ने स्थापना दिवस पर दी बधाई और शुभकामनाएं

एजेंसी

**जयपुर :** राज्यपाल कलराज मिश्र ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल मिश्र ने राजभवन में मंगलवार को इन दोनों ही राज्यों के निवासियों से मुलाकात कर उनसे संवाद भी किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि उत्तर-पूर्व के यह दोनों ही राज्य भारत की संप्रभुता से जुड़े जनजातीय संस्कृति और परंपराओं की अनूठी धरोहर लिए है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की प्राकृतिक संपन्नता और भेदभाव रहित परस्पर मेलजोल की संस्कृति की भी इस दौरान विशेष रूप से सराहना की।मिश्र ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम विविधता में एकता की भारत भूमि के विशिष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर भी जोर दिया। इससे पहले उन्होंने इन दोनों राज्यों की स्थापना से जुड़े इतिहास और संविधान से जुड़ी भारतीय संस्कृति के बारे में भी स्थानीय जनों से संवाद किया। अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के लोगों ने स्थापना दिवस पर राजभवन में आने के अपने अनुभव साझा करते राज्यपाल मिश्र का आभार जताया। मिजोरम की आपुई और फेली ने गीत और मिजोरम अरुणाचल के लोगों ने वहां की संकृति से जुड़ी समवेत प्रस्तुति दी। सभी ने बाद में राजभवन स्थित संविधान उद्यान का अवलोकन कर सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

# सरकार का लक्ष्य झारखंड का विकास करना है : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संववाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर को झारखंड सरकार में पुनः मंत्री बनाए जाने के बाद वे सोमवार को गढ़वा पहुंचे। मंत्री श्री ठाकुर को गढ़वा पहुंचने पर झामुमो में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। गढ़वा आगमन का दौरान काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता दोपहिया एवं चार पहिया वाहन से गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर तहले नदी पुल के पास पहुंचे। मंत्री को वहां पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री ठाकुर को फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया। वहीं से सभी कार्यकर्ता मंत्री का अगवानी करते हुए जुलूस के शक्ल में गढ़वा पहुंचे। इस दौरान चैंबर ऑफ़



कॉमर्स के लोगों ने भी मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। गढ़वा पहुंचने के बाद मंत्री श्री ठाकुर ने टंडवा में शाहपुर मोड़ पर स्थित पुरनचंद की प्रतिमा, रंका मोड़ स्थित इंदिरा गांधी पार्क में इंदिरा गांधी की प्रतिमा, सहिजना मोड़ पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा, चिनिया मोड़ पर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

मंगलवार को मंत्री श्री ठाकुर ने मां गढ़देवी के मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां काली मंदिर और बजरंगबली के मंदिर में माथा टेका। पूजा-अर्चना कर उन्होंने झारखंड की समस्त साढ़े तीन करोड़ जनता की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने मां गढ़देवी से समस्त लोगों का कल्याण करने, सभी को विरोधियों की साजिश के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने और उनसे मुकाबला करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होंने झारखंड की प्रगति के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प भी लिया। मंत्री ने झारखंड के लोगों की समृद्धि और समाज को समानता की दिशा में अग्रसर होने का आह्वान किया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य विकास है और वह सभी वर्गों के लोगों के हित में काम करेगी। इससे न केवल झारखंड का विकास होगा, बल्कि राज्य की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी।

# उप्र में सपा-कांग्रेस के गठबंधन में आई दरार, सीट बंटवारे पर नहीं बनी बात

एजेंसी

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच बने विपक्षी गठबंधन में दरार आ गई है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों ही पार्टियों के नेताओं के बीच सहमति न बनने से यह गठबंधन भी लगभग टूटता नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन में सपा के साथ उत्तर प्रदेश में अब लगभग कोई भी पार्टी सहयोगी के रूप में नहीं है। इससे लोकसभा चुनाव में उसके अकेले ही मैदान में उतरने की मजबूरी बन गई है। देश की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों ने एक गठबंधन तैयार किया था। आईएनडीआईए नाम से बने इस गठबंधन में उत्तर प्रदेश से प्रमुख पक्षी दल के रूप में समाजवादी पार्टी शामिल थी। उसके साथ सहयोगी दल के रूप में कांग्रेस राष्ट्रीय लोक दल,अपना दल (कमेरावादी) आदि दलों के नेतागण इसमें शामिल थे। इस विपक्षी दल ने सत्ता दल को लोकसभा चुनाव में रोकने की तैयारी किए जाने का दंभ भरा जा रहा था। लेकिन अब चुनाव के नजदीक आते-आते यह गठबंधन बिखर सा गया है। इस बिखराव में उत्तर प्रदेश से प्रमुख विपक्षी दल के रूप में सपा के लिए बड़ी मुसीबतें खड़ी हो गई है। सपा से एक-एक कर सभी दलों ने किनारा कर लिया है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने भी सीट बंटवारे को लेकर असहमति जताते हुए गठबंधन से नाता तोड़ लिया है। सियासी चर्चा है कि कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 20 साइट मांगी थी। लेकिन सपा उन्हें 17 सीट ही देने की बात पर अड़ी थी। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस ने सपा की जनाधार वाली सीटें मांगी थी। जिनमें बिजनौर,सीतापुर,देवरिया, अमरोहा,सहारनपुर,झांसी,मुरादाबाद मंडल की सभी सीटें मांगी थी।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत




**लातेहार:** सदर थाना क्षेत्र के नेवाड़ी पंचायत के समीप घोड़घड़ा मोंड़ के पास बीती रात तकरीबन 9:00 बजे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गया जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान अजय मिंज उम्र 25 वर्ष के रूप में की गई है।मृतक अपने घर टंडवा से लातेहार परसही चोरया ग्राम अपने रिश्तेदार के यहां शादी में आ रहा था इसी बीच यह दुर्घटना हो गई वहीं सदर थाना को सूचना मिलते ही एसआई महली मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।

